

# सब का सपना




निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र

भारत के बाद आईपीएल में खेलना सबसे अच्छी चीज -पेज: 7

रश्मिका को अच्छी लगती है बारिश की भीनी खुशबू -पेज: 8

वर्ष: 01 | अंक: 48 | सोमवार- 26 मई 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 4 रुपए

# जातिगत जनगणना पीछे छूटे लोगों को मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक कदम: मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि जातिगत जनगणना उनकी सरकार के उस मॉडल की दिशा में एक कदम है जो हाशिये पर पड़े और हर क्षेत्र में पीछे रह गए लोगों को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में हासिल की गई उपलब्धियों की पुष्टि भी है।

उन्होंने स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी की सटीकता को भी रेखांकित किया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने संवाददाताओं को बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जाति की राजनीति में विश्वास नहीं करता, लेकिन जातिगत जनगणना से विकास के विभिन्न क्षेत्रों में पीछे छूट गए लोगों को मदद मिलेगी। राजग के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की रविवार को हुई बैठक में सशस्त्र बलों की वीरता और मोदी के साहसिक नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेश किया और शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इसका समर्थन किया। सूत्रों ने बताया कि प्रस्ताव में कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीयों का आत्मविश्वास बढ़ाया है।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ सैन्य मिशन नहीं, बल्कि बदलते भारत की तस्वीर है

मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' महज एक सैन्य मिशन नहीं है, बल्कि यह "बदलते भारत की तस्वीर" है जो वैश्विक मंच पर देश के संकल्प, साहस और बढ़ती ताकत को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा, "आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, गुस्से से भरा हुआ है और दृढ़ संकल्पित है।" मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया और इसे भारत की बढ़ती ताकत एवं उद्देश्य की स्पष्टता का प्रतीक बताया।

## सूखी छाल से सुंदर कलाकृतियां बनाने वाले कलाकार की सराहना की

प्रधानमंत्री ने चीड़ के पेड़ों से गिरने वाली सूखी छाल से सुंदर कलाकृतियां बनाने वाले उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी जीवन जोशी की सराहना की। जोशी 65 साल के हैं और वह विशिष्ट रूप से सक्षम व्यक्तियों की श्रेणी में आते हैं। मोदी ने कहा, "आज मैं आपको एक ऐसे शानदार व्यक्ति के बारे में बताना चाहता हूं जो एक कलाकार भी हैं और जीती-जागती प्रेरणा भी। उनका नाम जीवन जोशी है। अब सोचिए जरा, जिनके नाम में ही जीवन हो, वह कितनी जीवंतता से भरे होंगे।"

## गुजरात में 77,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार से शुरू हो रहे गुजरात के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान राज्य में 77,400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे।

इस संबंध में जारी एक बयान के अनुसार, मोदी सोमवार को लोकोमोटिव विनिर्माण संयंत्र राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### रघुबर दास ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर आम सहमति बनाने पर जोर दिया

**जमशेदपुर (एजेंसी)** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर आम



सहमति बनाने की जरूरत पर बल दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद विद्युत बरन महतो द्वारा यहां शनिवार शाम को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि लगातार चुनाव होने के कारण आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है और विकास कार्य बाधित होते हैं। दास ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से न केवल हजारों करोड़ रुपये की बचत होगी, बल्कि प्रशासनिक तंत्र, सुरक्षा बलों और मानव संसाधनों का राष्ट्रहित में बेहतर उपयोग भी हो सकेगा। इस मुद्दे पर आम सहमति बनाने की जरूरत पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि पूरे देश में संवाद और सार्वजनिक चर्चा होनी चाहिए। संविधान संशोधन के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत है।

### चार राज्यों की पांच विस सीट पर 19 जून को उपचुनाव होगा: निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि चार राज्यों की पांच विधानसभा सीट पर 19 जून को उपचुनाव होगा। चुनाव अधिकारियों




के अनुसार, गुजरात में दो विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा तथा केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में एक-एक सीट पर उपचुनाव होगा। मतगणना 23 जून को होगी। गुजरात में कडी सीट पर उपचुनाव विधायक करसनभाई पुंजाभाई सोलंकी के निधन के कारण आवश्यक हो गया है। राज्य में विसावदर सीट पर उपचुनाव मौजूदा सदस्य भयानी भूपेंद्रभाई गंडूभाई के इस्तीफे के कारण हो रहा है। केरल में पी.वी. अनवर के इस्तीफे की वजह से नीलांबुर सीट पर उपचुनाव होगा, जबकि पंजाब की लुधियाना सीट पर मौजूदा सदस्य गुरप्रीत बस्सी गोगी के निधन के कारण उपचुनाव होगा। पश्चिम बंगाल में कालीगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव मौजूदा विधानसभा सदस्य नसीरुद्दीन अहमद के निधन के कारण आवश्यक हो गया है।

### भागवत ने किया हिंदू समाज में एकता और देश को शक्तिशाली बनाने का आह्वान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू समाज में एकता और भारत को सैन्य शक्ति एवं



अर्थव्यवस्था की दृष्टि से इतना शक्तिशाली बनाने का आह्वान किया है कि "कई शक्तियां एक साथ आकर" भी इस पर "जीत" हासिल न कर सकें। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ताकत को सद्गुणों और नीतिपरायणता के साथ जोड़ा जाना चाहिए क्योंकि "मात्र पाशविक शक्ति" दिशाहीन हो सकती है और "घोर हिंसा"को जन्म दे सकती है। उन्होंने आरएसएस से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिका पाञ्चजन्य के ताजा संस्करण में प्रकाशित साक्षात्कार में कहा कि भारत के पास शक्तिशाली होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि वह अपनी सभी सीमाओं पर "बुरी ताकतों की दुष्टता देख रहा है।" यह साक्षात्कार लगभग दो महीने पहले बेंगलुरू में आरएसएस की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के बाद किया गया।

'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रधानमंत्री के विचार

# 'भारत के मन की बात' को व्यक्त करते : योगी

**लखनऊ (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'मन की बात' में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर व्यक्त किए गए विचार 'भारत के मन की बात' को व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के 122वें 'मन की बात' कार्यक्रम को दिल्ली में सुनने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक "एक्स" खाते पर श्रृंखलाबद्ध पोस्ट में उनकी सराहना की। पोस्ट में योगी ने कहा "आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के विषय में आज 'मन की बात कार्यक्रम' में व्यक्त विचार 'भारत के मन की बात' को अभिव्यक्त करते हैं।"



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 140 करोड़ भारतवासी आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट हैं और पूर्ण विश्वास व प्रतिबद्धता से भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। योगी ने कहा "आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है।" मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में स्वदेशी हथियारों, उपकरणों और तकनीक की सफलता से विश्व ने 'आत्मनिर्भर भारत' की गूंज को सुना है।

उन्होंने कहा, "भारत के जन-गण के मन को राष्ट्र प्रथम की भावना, राष्ट्रवादी चेतना और स्वदेशी गौरव बोध से दीप्त करते उद्बोधन के लिए प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार।"

लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में शिरकत के लिए गए दिल्ली गए योगी ने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय मंत्रियों और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 122वें 'मन की बात' कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों की सराहना की। हाल में बिहार में संपन्न हुए 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' 2025 में प्रदेश के तीन खिलाड़ियों- बरेली के कादिर खान, वाराणसी के शेख जीशान और बिजनौर के तुषार चौधरी ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

मोदी ने इन युवा प्रतिभाओं की मेहनत और लगन को प्रेरणादायक बताया। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के शहद उद्योग में बढ़ रहे 'हनी उद्यमियों' की भी प्रशंसा की। योगी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रदेश के तीनों खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही उन्होंने शहद उत्पादन में प्रदेश की प्रगति को 'मधुमय अभियान' बताते हुए इसे भारत को समृद्धि और आरोग्यता के पथ पर ले जाने वाला बताया। योगी ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर 'खेलो इंडिया' के इन तीनों खिलाड़ियों की चर्चा करते हुए इस उपलब्धि पर गर्व जताया।

उन्होंने तुषार चौधरी, कादिर खान और शेख जीशान के शानदार प्रदर्शन को उनके अथक परिश्रम, अनुशासन और संकल्पशक्ति का परिणाम बताया।

### उत्तर प्रदेश में जाम को दूर करने के लिए 6,124 करोड़ की लागत से बनेंगे रिंग रोड, बाईपास व फ्लाईओवर

**लखनऊ (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश में यातायात जाम की समस्या दूर करने और बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार 6,124 करोड़ रुपये की लागत से रिंग रोड, बाईपास व फ्लाईओवर का निर्माण करेगी। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश को "उत्तम प्रदेश" बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार प्रयास जारी हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने इस विषय में विस्तृत खाका तैयार किया है जिसके जरिए वित्त वर्ष 2025-26 में बड़े पैमाने पर रोड संपर्क को बढ़ाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार कार्ययोजना में प्रदेश में बाईपास, रिंग रोड व फ्लाईओवर निर्माण के कुल 62 कार्य वित्त वर्ष 2025-26 में चिह्नित किए गए हैं जिनमें 6,124 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा।

बयान में कहा गया कि जनता को यातायात जाम से राहत देने की दिशा में यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे जिनमें आबादी और यातायात आवागमन जैसे कई पहलुओं को आधार बनाया जाएगा।

## कांग्रेस ने पहलगाम हमले को लेकर टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद जांगड़ा को बर्खास्त करने की मांग की

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** कांग्रेस ने भाजपा सांसद राम चंद्र जांगड़ा की इस टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई कि पहलगाम में पर्यटकों को आतंकवादियों से भिड़ जाना चाहिए था। पार्टी ने कहा कि सांसद को बर्खास्त किया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस मामले में माफी मांगनी चाहिए। विपक्षी दल ने कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा नेतृत्व की चुप्पी को जांगड़ा के बयान की "मौन स्वीकृति" के तौर पर देखा जाना चाहिए।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि भाजपा नेता पहलगाम पीड़ितों और सशस्त्र बलों को बदनाम करने के लिए एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ कर रहे हैं। इससे पहले भाजपा के कई नेता भी इस तरह की टिप्पणी कर चुके हैं जिनमें मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह और राज्य के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा शामिल हैं।

कांग्रेस ने दावा किया कि देवड़ा ने कहा था कि पूरी भारतीय सेना और बहादुर सैनिक मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं जबकि शाह को पहलगाम हमले में संलिप्त आतंकवादियों के धर्म को कर्नल सोफिया कुरैशी के धर्म से जोड़ने वाली उनकी टिप्पणी के बाद माफी मांगनी पड़ी थी। शाह की टिप्पणी के बाद आक्रोश पैदा हो गया था।

कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ मीडिया को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी थी। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के शर्मनाक बयान ने एक बार फिर आरएसएस-भाजपा की ओछी मानसिकता को उजागर कर दिया।"

'आप' ने जलभराव को लेकर की भाजपा की आलोचना, कहा-

## 'चार इंजन' वाली सरकार विफल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में जलभराव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की आलोचना की और इसे "चार इंजन" वाली सरकार की असफलता बताया। आप ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर राष्ट्रीय राजधानी के कई जलमग्न स्थानों जैसे धौला कुआं, दिल्ली छावनी और आईटीओ की तस्वीरें साझा कीं।



इसने कहा, "दिल्ली का एक भी इलाका ऐसा नहीं है जहां भाजपा की 'चार खटारा इंजन' वाली सरकार की नाकामी की कहानी कहता जलभराव न हुआ हो।" इन आरोपों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने मिंटो ब्रिज का एक वीडियो साझा किया। उन्होंने सोशल 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, "थोड़ी सी बरसात के बाद मिंटो ब्रिज के नीचे डूबी हुई गाड़ी।

'गैरजिम्मेदाराना व्यवहार' को लेकर

## लालू प्रसाद ने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव राजद से निष्कासित

**पटना (एजेंसी)** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को "गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार" के कारण छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया और उनके साथ सभी पारिवारिक संबंध भी तोड़ दिए।

प्रसाद ने दोपहर में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह घोषणा की।


लालू प्रसाद ने कहा, "निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना सामाजिक न्याय के लिए हमारे सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है।" उन्होंने कहा, "अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह (तेजप्रताप) स्वयं सक्षम है। उससे जो भी



लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सावर्जनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है।" यह कदम बिहार के पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव द्वारा फेसबुक पर एक पोस्ट में यह कहने के एक दिन बाद उठाया गया कि वह एक युवती के साथ "रिश्ते में' हैं, लेकिन बाद में उन्होंने दावा किया कि सोशल मीडिया मंच पर उनका अकाउंट "हैक" कर लिया गया था।

# उप्र: 2025 में 13,000 से अधिक सड़क हादसों में 7,700 मौतें हुईं

**लखनऊ (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश में इस साल एक जनवरी से 20 मई तक करीब पांच माह के बीच 13,000 से अधिक सड़क हादसों में लगभग 7,700 लोगों की जान चली गई और राज्य-स्तरीय एक विश्लेषण में सामने आया कि अपराह्न और शाम का समय सड़क पर चलने वालों के लिए ज्यादा घातक साबित हो रहा है।



सड़क हादसों को लेकर ये निष्कर्ष उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा और जागरुकता प्रकोष्ठ द्वारा संकलित समय-आधारित विश्लेषणात्मक रिपोर्ट का हिस्सा हैं, जिसमें आईआरएडी (एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस), ईडीएआर (ई-विस्तृत दुर्घटना रिकॉर्ड) और राज्य के अपने सड़क सुरक्षा डैशबोर्ड से प्राप्त डेटा का उपयोग किया गया है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2024 में 46,052 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 24,118 मौतें हुईं और 34,665 लोग घायल हुए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इसकी तुलना में 2023 में 44,534 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 23,652 मौतें हुईं और 31,098 घायल हुए। वहीं, 2025 के नवीनतम विश्लेषण से पता चलता है कि सभी दुर्घटनाओं में से 60 प्रतिशत से अधिक अपराह्न (12 बजे से शाम छह बजे तक) और शाम (छह बजे से रात नौ बजे तक) के समय हुईं।

अध्ययन के अनुसार, अपराह्न सबसे घातक रहा जिस दौरान 4,352 दुर्घटनाओं में 2,238 लोगों की जान चली गई। इसका कारण इन घंटों के दौरान सड़कों पर "अत्यधिक गर्मी, चालक की थकान, तेज गति से वाहन चलाना और वाहनों का बढ़ता भार" है। शाम के समय 3,254 दुर्घटनाओं में 1,945 मौतें हुईं, जिसका कारण "कार्यालय समय खत्म होने बाद यातायात जाम और सूर्यास्त के बाद दृश्यता में कमी" रहा।

सुबह छह बजे से अपराह्न 12 बजे तक 2,629 दुर्घटनाएं हुईं और 1,447 मौतें हुईं। हालांकि, यह अवधि अपेक्षाकृत सुरक्षित रही फिर भी इस पर स्कूल और कार्यालय प्रारंभ होने के समय यातायात का प्रभाव पड़ा। रात नौ बजे से तड़के तीन बजे के बीच 2,585 दुर्घटनाएं हुईं और 1,699 मौतें हुईं। हालांकि दुर्घटनाओं की संख्या कम थी, लेकिन खाली सड़कों पर तेज गति से वाहन चलाने और चालक की थकान के कारण उनकी गंभीरता काफी अधिक थी। तड़के तीन बजे से सुबह छह बजे के बीच सबसे कम 506 दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, लेकिन 392 मौतों के साथ, मृत्यु दर लगभग 77 प्रतिशत रहा जो कि काफी चिंताजनक है। अध्ययन में जिक्र किया गया कि "अत्यधिक भीषण दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों में चालकों द्वारा अच्छी नींद नहीं ले पाना और लंबे सफर की वजह से थकान है।"

दुर्घटनाओं को कम करने के लिए राज्य के सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ ने संवेदनशील घंटों के दौरान अभियान चलाने, पुलिस तैनात करने और गति का पता लगाने वाले उपकरणों की तैनाती बढ़ाने और नियमों को तोड़ने वालों का वास्तविक समय में पता लगाने के लिए सीसीटीवी निगरानी के बेहतर उपयोग की सिफारिश की है।

## संपादकीय

# राष्ट्रीय एकता के लिये चुनौती भाषाई टकराव

इसमें दो राय नहीं कि भाषाई विविधता रंग-बिरंगे फूलों की तरह भारत की खूबसूरती की वाहक है। वहीं यह विविधता देश की सांस्कृतिक समृद्धि का आधार भी है। यह विडंबना ही है कि राजनीतिक लाभ के लिये क्षेत्रीय भाषा के गौरव के नाम पर हिंदी विरोध का मोर्चा अकसर खोला जाता है। निस्संदेह समय-समय पर उभरने वाले विवाद क्षेत्रीय गर्व और राष्ट्रीय एकता के बीच संतुलन बनाने की चुनौतियों को ही उजागर करते हैं। कुछ समय पहले ऐसे ही विवाद में मराठी को व्यवहार में न अपनाने के आरोप लगाकर एक अधिकारी को थप्पड़ मारने का विवाद सामने आया था। कालांतर भाजपा शासित राज्य में मराठी की अनिवार्यता कामकाज में लागू की गई थी। अब ताजा विवाद कर्नाटक में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एक प्रबंधक के कन्नड़ में बात करने से इनकार करने पर उठा है। जिसका कहना था कि वह हिंदी भाषी है और हिंदी में वार्तालाप करेगा। इस प्रकरण में अधिकारी का तबादला व खासा विवाद हुआ। स्वाभाविक रूप से क्षेत्रीय भाषा की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल खासे सक्रिय हुए। इस बीच जन सेवा में भाषाई संवेदनशीलता के प्रशिक्षण की मांग भी उठी। वैसे भी केंद्रीय सेवाओं के रूप में काम करने वाले विभागों व बैंक आदि के कर्मचारियों व अधिकारियों के विभिन्न राज्यों में अकसर तबादले होते रहते हैं। यह संभव भी नहीं कि हर व्यक्ति हर राज्य की भाषा बोल सके, लेकिन सीधे तौर पर जन-सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों को राज्य की स्थानीय भाषा का ही उपयोग उपभोक्ताओं से सहज संवाद के लिये करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर बेंगलुरू में एक तकनीकी पेशेवर को हिंदी में बोलने के कारण पार्किंग की सुविधा से वंचित कर दिया गया। इस घटना ने गैर हिंदी भाषी इलाकों में भाषायी सहिष्णुता की बहस को नये सिरे से खड़ा किया। निश्चित रूप से दोनों ही घटनाएं भाषाई व सांस्कृतिक एकता के लिये चुनौती पेश करती हैं। जिस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

उल्लेखनीय है कि ये घटनाएं राष्ट्रीय शिक्षा नीति यानी एनईपी 2020 के त्रि-भाषा फार्मूले की पृष्ठभूमि में हुई हैं। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्रों को तीन भाषाएं सीखने की सलाह दी गई है। जिसमें कम से कम दो भारत की मूल भाषाएं होनी चाहिए। हालांकि, इस शैक्षिक नीति का मकसद बहुभाषावाद और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना है, लेकिन तमिलनाडु में इस नीति का प्रतिरोध सामने आया है। राजनीतिक दल इसे हिंदी थोपने और अपनी भाषाई पहचान के लिये खतरा बता रहे हैं। तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विरोध की राजनीति का पुराना इतिहास रहा है। खासकर तब से जब हिंदी को राष्ट्रीय भाषा बनाने की कवायद शुरू हुई थी। हालांकि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति लचीलेपन के साथ इस बात पर जोर देती रही है कि किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपी जाएगी। इसके साथ यह भी कि भाषाओं के चयन का मुद्दा राज्य, क्षेत्रों और छात्रों पर छोड़ दिया जाएगा। वहीं कतिपय राजनीतिक दल आरोप लगाते रहे हैं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भाषा का व्यावहारिक क्रियान्वयन एक विवादस्पद मुद्दा है। बहरहाल, इस मुद्दे पर क्षेत्रीय भाषाओं पर इसके प्रभाव और हिंदी के कथित प्रभुत्व को लेकर बहस चल रही है। बहरहाल, इस तरह के विवादों से आगे बढ़ने के लिये आपसी सम्मान और समझ का माहौल बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। सार्वजनिक संस्थानों को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि उनकी सेवाएं स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराई जाएं। इसके साथ ही कर्मचारियों व अधिकारियों को सांस्कृतिक और भाषाई संवेदनशीलता में प्रशिक्षित किया जाए। निस्संदेह, शैक्षिक नीतियों को पूरे लचीलेपन के साथ लागू किया जाना चाहिए।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने राहगीरों को बांटा शरबत



» हनी चन्द्रा/सब का सपना

**चंदौसी/सम्भल।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में सीकरी गेट स्थित महाजन मोहल्ले के तिराहे पर ठंडे शरबत का कैंप लगाया गया। इस अवसर पर युवा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने कहा कि इस भीषण गर्मी में जहां लोग गर्मी से बेहाल हैं ऐसे में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा ठंडे शरबत का कैंप लगाया गया है।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल समय-समय पर लोगों की सेवा के लिए कार्य करता रहता है। युवा जिला उपाध्यक्ष उमेर शमसी ने कहा कि बाजारों में जो बाहर से ग्राहक आते है।

इस भीषण गर्मी में गर्मी से वह बेहाल हो जाते हैं इसलिए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल समय-समय पर समाज सेवा के तौर पर ठंडे शरबत का कैंप लगाता रहता है इस तरह सर्दियों में चाय व कॉफी का कैंप लगाए जाते हैं जिससे लोगों को राहत मिले और बाजार हमेशा गुलजार रहे।

युवा नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल व्यापारियों की हर समस्याओं के साथ खड़ा है इसके साथ-साथ बाहर से आने वाले ग्राहकों का भी पूरा ख्याल रखता है और समाज सेवा का कार्य भी व्यापार मंडल द्वारा किया जाता है उसे मौके पर मोहम्मद इमरान, सुमित वार्ष्णेय, मोहम्मद अफजल, सद्दाम हुसैन, नीरज त्यागी, मास्टर खलील आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# नगर पालिका में निकाली गई तिरंगा यात्रा



» सब का सपना

**गजरौला/अमरोहा:** नगर पालिका चेयरमैन पति, भाजपा नेता हरपाल सिंह के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नार लगाते हुये शहर के अवन्तिका पार्क से प्रारम्भ होकर नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुये इन्द्रा चौक स्थित गंगा प्याऊ मन्दिर पर पंहुचकर समाप्त हुई। तिरंगा ₹ यात्रा में शामिल देंशभक्तों के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाने' वाले 'देश के वीर जवानो के समर्थन में भारतीय सेना जिन्दाबाद, भारत माता की जय के नारे लगाये।

इस दौरान गुरूकुल चोटीपुरा महाविद्यालय की प्रचार्य मुख्य अतिथि सुमेधा ने कहा की देश के वीर जवानों के साहस ने पाकिस्तान को धूल चटा दी है। साथ ही देश की गरिमा के साथ हर उजड़े सिंदूर का बड़ा बदला पाकिस्तान में घुस कर नापाक आतंकियों को मार कर लिया है। कहा कि तिरंगा यात्रा भारतीय सैनिकों के सम्मान की एक छोटी-सी अभिव्यक्ति है। शौर्य तिरंगा यात्रा में जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, डॉ सुमेधा संचालिका कन्या गुरुकुल चोटीपुरा , पूर्व जिलाध्यक्ष ग्रीस त्यागी, हरेंद्र ढिल्लो, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी , ब्लॉक प्रमुख अमरोहा गुरिंदर ढिल्लों, भाजपा नेता विपिन सागर, मनिपाल ढिल्लों,अमन गोयल, महेश प्रधान, सुधीर चौहान, कैलाश गुर्जर,चंद्रपाल खड्गवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष गुरु वचन सिद्धू, उत्तम प्रजापति, रवि सिद्धार्थ, सतवीर सैनी, सुशील सैनी, करन सैनी, राजीव शुक्ला, आदेश अग्रवाल , भास्कर चौहान, आदि हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी ने किया निर्माणाधीन पुलिस लाइन का निरीक्षण

» सब का सपना

अमरोहाः रविवार को शेष नाथ विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश शासन / नोडल अधिकारी अमरोहा द्वारा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द की उपस्थिति में जोया रोड अमरोहा में निर्माणाधीन नवीन पुलिस लाइन का निरीक्षण किया और कराये जा रहे कार्य को भ्रमण कर देखा । कार्य की धीमी प्रगति और कार्य





समाप्त होने से की निर्धारित अवधि से 2 महीने कार्य विलंब से चलने पर निर्देशित किया कि अधिक से अधिक मैनपॉवर लगाकर कार्य को अंतिम रूप देकर पुलिस लाइन को जल्द हैंडोवर करें । निरीक्षण में नोडल अधिकारी ने कराए जाने वाले कार्य के मॉडल को देखा और मॉडल के अनुसार कराये जा रहे सभी कार्यों का ब्लॉकों में भ्रमण कर निरीक्षण किया और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए जाने के निर्देश दिया । इस अवसर पर नोडल अधिकारी और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने पुलिस लाइन परिसर पर वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ब्रजपाल सिंह क्षेत्रधिकारी पुलिस अभिषेक सिंह अवर अभियंता पीडब्लूडी और पुलिस लाइन की कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जहरीले सांप के काटने से 52 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

» सब का सपना

बहजोई/संभल। जहरीले सांप के काटने से 52 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद संभल के थाना बहजोई गांव नाधौस निवासी धर्मपाल पुत्र पूरन (52) को शनिवार को किसी जहरीले सांप ने काट लिया था परिजन उसका इलाज झाड़ फूक वालो के पास कराते रहे दूसरे दिन रविवार को दोपहर डायल 108 एम्बुलेंस की मदद से सरकारी स्वास्थ केंद्र बहजोई को लेकर पहुंचे लेकिन जब तक बहुत देर हो चुकी थी चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

चिकित्सकों का कहना है अगर समय रहते सरकारी स्वास्थ केंद्र पर लाया जाता तो जान बच सकती थी चिकित्सकों द्वारा ये भी कहा गया कि इस तरह की यदि कोई घटना होती है तो देर न करते हुए सीधे सरकारी स्वास्थ केंद्र बहजोई पर आए किसी झाड़ फूक के चक्कर में न रहे क्यों कि सांप काटे का इलाज केवल सरकारी अस्पताल में ही मौजूद है और किसी निजी अस्पताल में इसका इलाज मौजूद नहीं है।

परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# वैश्य एकता मंच ने किया अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा के पदाधिकारियों का स्वागत

» हनी चन्द्रा/ सब का सपना

**चंदौसी/सम्भल।** रविवार को अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा पंजी. के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का रामबाग सेवा सदन में वैश्य एकता मंच चंदौसी के द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश कुमार वार्ष्णेय का वैश्य एकता मंच के अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही पालिकाध्यक्ष चंदौसी श्रीमती लता वार्ष्णेय का दीपेश वार्ष्णेय द्वारा एवं




पालिकाध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू का महामंत्री आकाश वार्ष्णेय द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर विधिक सलाहकार एड प्रवीण गुप्ता द्वारा वैश्य एकता मंच की नीतियों एवं लक्ष्यों से कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को अवगत कराया।

इस दौरान संरक्षक क्षितिज गुप्ता, मन्नू मेडिकल, सचिन वार्ष्णेय मेंथा, महामंत्री तुषार क्रिस्टल, हेमंत वार्ष्णेय, बृजेश वार्ष्णेय, लकी वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, रितिक वार्ष्णेय, प्रखर रघु वार्ष्णेय, आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई होलकर के आदर्श ,कार्यों से प्रेरणा लेकर महिलाएं और आगे बढ़ेगी: डॉ सुगंधा सिंह





» हनी चन्द्रा/ सब का सपना

**चंदौसी/सम्भल:** चंदौसी आजाद रोड स्थित संजीवनी पैलेस में महारानी अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के विधानसभा सम्मेलन का शुभारंभ रानी अहिल्याबाई होलकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवम पुष्प अर्पित करके माध्यमिक शिक्षामंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, मुख्यअतिथि मोहनलाल सैनी, जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सदस्य मोहनलाल सैनी ने कहा उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों थे। उनको बुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने धार्मिक स्थलों का जीर्णउद्धार कर उनकी निरंतर देश के लिए चैरिटेबल ट्रस्ट बनाया जो आज भी कार्यरत है। माध्यमिक शिक्षा स्वतंत्र प्रभार मंत्री गुलाब देवी ने कहा अहिल्याबाई होल्कर ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जगाया। अहिल्याबाई ने मछली, पशु-पक्षी, नदी, तालाब, कुएं-बावड़ी, पेड़-पौधे यहां तक कि मिट्टी के संरक्षण की तक बात की बात की। अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में देश भर के 3175 धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार करवाया।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने कहा की माननीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है। और इसी के चलते आज अहिल्याबाई होल्कर के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य भाजपा कर रही है।

भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कल्कि, काशी, अयोध्या और केदारनाथ समेत कई स्थानों पर उनके द्वारा किए गए कार्य सनातन धर्म की मजबूती का प्रतीक हैं। उनके मुख्य योगदानों में से एक 12 ज्योतिर्लिंगों में सोमनाथ मंदिर है जिसका जीरणद्धार महारानी अहिल्याबाई होलकर ने करवाया। इस प्रकार उन्होंने देश की प्रगति में विशेष योगदान दिया। ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह ने कहा आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी है और अहिल्याबाई के आदर्श ,कार्यों से प्रेरणा लेकर और आगे बढ़ेगी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ टीएस पाल ने बताया अहिल्याबाई होल्कर के शासन में मालवा में अपेक्षाकृत शांति, समृद्धि और स्थिरता थी और उनकी राजधानी महेश्वर को साहित्यिक, संगीत, कलात्मक और औद्योगिक गतिविधियों का केंद्र बना दिया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने की तथा संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ टीएस पाल ने किया।

इस दौरान राज्यमंत्री प्रतिनिधि रामपाल सिंह, मनोज कठेरिया, अंकित जैन, राखी सिरोही, मोक्षिका शर्मा, अंकुर अग्रवाल, राजकुमार ठाकरे, हरवेश सिंह, अवधेश प्रताप सिंह, गिर्राज मौर्य, ललित मोहन शर्मा, यश मदान, अंकुर अग्रवाल, चंद्रसेन दिवाकर, आशा गोस्वामी, शीला सागर, आकाश आहूजा, इंदुरानी दिवाकर, अभिनव शर्मा, शुभम अग्रवाल, संजय सैनी, सुशील पाल, तरुण नीरज, सुधीर मल्होत्रा, अमन कोरी, शिव कुमार सैनी, शरद शर्मा, मनोज दिवाकर, राजकुमार यादव, संजय बंसल, विजय यादव, पंकज, अंकुल देव, डॉ वीरेश कुमार, सत्यपाल, लव कुमार, राजेश पाल, माधवेन्द्र राघव, वंदना चौधरी, नरेंद्र शर्मा, धारा सिंह, रितिक सिंह, उमेश दिवाकर, आलोक शाक्य, चिंटू शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# मोहरका पट्टी में चोरों ने तीन लाख की नगदी समेत पांच लाख के माल पर किया हाथ साफ

» सब का सपना

**गजरौला/अमरोहा:** कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहरका पट्टी में चोरों ने एक घर को निशाना बना डाला जहां से उन्होंने तीन लाख का कैश व दो लाख रुपए के सोने व चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ करते हुए करीब पांच लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया है।इस मामले में पीड़ित द्वारा घटना की तहरीर थाने में देकर कार्यवाही करने की मांग की गई है। बता दें कि पूरा मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहरका पट्टी का है। जहां पर गांव से महज 200 मीटर की दूरी पर कांशीराम का भरा-पूरा परिवार रहता है।जिसके घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए करीब पांच लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए।घटना की जानकारी देते हुए कांशीराम के पुत्र रूप किशोर ने बताया कि शनिवार की देर रात वह अपने मकान की छत पर सोये हुए थे।

परिवार के कुछ सदस्य नीचे कमरों में सोये हुए थे।चोर किस समय घर में आकर घुस गये ये किसी को पता ही नहीं चला। रविवार की सुबह मैंने रोजाना की तरह अपने पशुओं को चारा डाला तब भी मुझे



चोरी होने का कोई अंदेशा नहीं था।इस दौरान अचानक मैं अपने कमरे गया तो मैंने देखा कि कमरे में सारे कपड़े इधर-उधर बिखरे पड़े थे। उनको देखते हुए अचानक मेरी नज़र सेफ अलमारी पर पड़ी तो मैंने देखा कि उसका ताला टूटा हुआ था और उसका दरवाजा भी पूरी तरह से मुड़ा हुआ था तभी मैं समझ गया कि घर चोरी हो गई है। आनन फानन में इसकी सूचना मैंने 112 नं. डायल पर दी। सूचना पाकर 112 नं. पुलिस मौके पर पहुंची। जिसने घटना स्थल का मुआयना किया। इसके बाद मैंने कोतवाली में भी अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

इस मामले में पुलिस का कहना है कि घटना की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी। वहीं पीड़ित रूप किशोर व उसके पिता कांशीराम ने चोरी के बारे में बताते हुए कहा है कि उनका इस घटना में करीब तीन लाख रुपए कैश व करीब दो लाख रुपए के सोने व चांदी के आभूषणों को चोरों ने चुराया है।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

## संक्षिप्त समाचार

### सुलह समझौता केंद्र की मीटिंग में सुलझाए गए पारिवारिक विवाद



» सब का सपना

**बहजोई/संभल:** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में संपन्न हुई। जहां पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया जहां कुल 84 पत्रावलियों को सुनकर 24 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया जिसमें से 1 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई एवं 13 परिवारों को मिलाया गया तथा 10 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने एवं अन्य कारणों से बंद की गई इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधि परामर्दता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट तथा काउंसलर संगीता भार्गव पूनम अरोरा कंचन महेश्वरी बबीता शर्मा श्वेता गुप्ता सीमा आर्य तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक ज्योति उषा रश्मि गहलोत आदि लोग उपस्थित रहे।

### रेलवे ट्रैक पर 35 वर्षीय युवक का शव मिलने से फैली सनसनी



» सब का सपना

**बहजोई/संभल :** रेलवे ट्रैक पर 35 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई मौके पर पहुंची पुलिस परिवार के लोगों में मचा कोहराम।मिली जानकारी के अनुसार आपको बताते चले घटना जनपद सम्भल के थाना बहजोई ग्राम पाठकपुर के निकट शनिवार सुबह 7:30 बजे की है मृतक की पहचान गवन पुत्र अनेकपाल (35) निवासी ग्राम छपरा थाना धनारी के रूप में हुई है।मृतक के भाई राजेश का कहना है कि हमारे लिए गांव के ही ई रिक्शा चालक द्वारा ही सूचना प्राप्त हुई कि तुम्हारा भाई मृत अवस्था में रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ है मृतक के भाई द्वारा ये भी बताया गया कि जिस वक्त हमारे भाई की मौत हुई वह शराब के नशे में था सूचना मिलते ही हम लोग मौके पर पहुंच गए और जाकर देखा तो हमारा भाई मृत अवस्था में पड़ा हुआ था सूचना पाकर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई तथा जानकारी मिलने पर रेलवे पुलिस भी आ गई और जांच पड़ताल में जुट गई ग्रामीणों द्वारा ये भी बताया गया कि मृतक की गांव में किसी से कोई रंजिश नहीं थी और सुबह जब अपने घर से निकला था तो ये कहकर निकला था कि में पड़ोसी गांव कुंवरी के लिए जा रहा हूँ कुछ देर के बाद ग्रामीणों द्वारा सूचना प्राप्त हुई गवन की मौत हो चुकी है मौत की असली वजह क्या है ये समाचार लिखे जाने तक स्पष्ट नहीं हो सका तथा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को शौप दिया है।

- मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी परिजनों में मचा कोहराम

# स्टेट बैंक को सोना बेचना पड़ा भारी

## उपभोक्ता आयोग ने लगाया 25000 का जुर्माना


» सब का सपना

**बहजोई/संभल:** स्टेट बैंक को सोना बेचना भारी पड़ गया क्यों कि उपभोक्ता आयोग ने 25000 का जुर्माना लगाया है और साथ ही रखे सोने की कीमत पर दो महीने के अंदर देना होगा 9% वार्षिक का ब्याज समय से भुगतान न करने पर देना होगा 12% वार्षिक ब्याज।

जनपद संभल निवासी नवी हसन हाल निवासी दिल्ली ने सम्भल स्थित भारतीय स्टेट बैंक में माह फरवरी 2022 का अपना 49.800 ग्राम 18 पीस सोने की जेवर गिरवी रखकर133600 का ऋण लिया था तीन साल की रिया गया था जिसमें नवी हसन द्वारा समय समय पर किस्तों का भुगतान किया गया।

परंतु भारतीय स्टेट बैंक शाखा संभल द्वारा गोल्ड लोन लेने के 10 महा के अन्दर ही किस्तों का भुगतान समय से न करने की बात कहकर उनका गिरवी रखा सोना बिना किसी पूर्व सूचना के विक्रय कर धनराशि को ऋण खाते में समायोजित कर लिया।

बर्ष 2024 में जब नवी हसन को उन जेवरों की आवश्यकता हुई तो वो ऋण की धनराशि अदा कर उन्हें लेने बैंक पहुंचे बैंक पहुंचने पर पता चला कि बैंक द्वारा महा दिसंबर 2022 में ही उनके द्वारा गिरवी रखे सोने को बैंक शाखा द्वारा बेचकर ऋण खाता बन्द किया जा चुका हैं तो उन्होंने अपनी नाराजगी जताते हुए कहा कि जब ऋण तीन वर्ष के लिए लिया गया तो समय अवधि पूर्ण होने से पूर्व उनके द्वारा गिरवी रखा गया सोना बिक्रय क्यों किया गया तो बैंक द्वारा कोई सन्तोष जनक जवाब नहीं दिया तब नवी हसन ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से बैंक को नोटिस भी प्रेषित किया परन्तु कोई जवाब बैंक शाखा द्वारा नहीं दिया गया।



न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग – सम्भल।
परिवाद संख्या – 266/2024

संस्थित होने की तिथि :– 27.12.2024
अन्तिम सुनवाई की तिथि :– 22.04.2025
निर्णय की तिथि :– 14.05.2025

नवी हसन उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र श्री अली हसन, नि0 ई49/ए–374 एसटी सं0 4 ईदगाह रोड, जनता मजदूर कालौनी, बाबरपुर, नार्थ ईस्ट, दिल्ली– 110053
.................परिवादी

प्रति

1. भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्यालय नरीमन प्वाइंट मैडमकामा रोड, मुम्बई– 400021 द्वारा अपने चैयरमैन/मुख्य प्रबन्धक।
2. भारतीय स्टेट बैंक, शाखा आर्य समाज रोड, नगर व जनपद सम्भल द्वारा अपने शाखा प्रबन्धक।

.................विपक्षीगण

उपस्थित :– 1. श्री राम अचल यादव अध्यक्ष (एच.जे.एस.)
2. नमिता दुबे महिला सदस्य

निर्णय पारित करने वाले अध्यक्ष/सदस्य का नाम :– श्री राम अचल यादव अध्यक्ष (एच.जे.एस.)

परिवादी के लिये – श्री लवमोहन वार्ष्णेय ऐड0
विपक्षी सं0 1 व 2 के लिये – श्री लवकेश कुमार देवल ऐड0

निर्णय

परिवादी नवी हसन ने प्रस्तुत परिवाद अन्तर्गत धारा – 35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019, विपक्षी भारतीय स्टेट बैंक, व उसकी शाखा – आर्य समाज रोड सम्भल, विपक्षी सं0 – 02 द्वारा, गोल्ड लोन एकाउन्ट नम्बर – 40796466318, के अन्तर्गत परिवादी द्वारा बन्धक रखे गये स्वर्ण आभूषण वजन 49.800 ग्राम को विपक्षीगण द्वारा, परिवादी अनुमति/सहमति के बिना नीलाम व विक्रय कर दिये जाने के कारण, गिरवी रखे स्वर्ण आभूषण परिवादी को वापस दिलाये जाने अथवा उसका बाजारू मूल्य मुबलिग 3,88,938/– रू0, 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित तथा मुबलिग 50,000/– रू0, मानसिक कष्ट एवं आर्थिक हानि के मद में दिलाये जाने हेतु मुख्यतः इस कथन के साथ प्रस्तुत किया गया है कि –



तब नवी हसन ने अपनी सारी बातें उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय को बताई उन्होंने उपभोक्ता आयोग में एक परिवाद दायर किया जहां बैंक को आयोग द्वारा तलब किया तो बैंक की ओर से बताया गया कि ऋण की राशि प्रति माह अदा करनी होती हैं और नवी हसन द्वारा नियमित रूप से किस्तों का भुगतान नहीं किया जा रहा था कही ऋण की राशि रखे गए सोने के आभूषण से अधिक न हो जाए इसी कारण उन्हें विक्रय कर धनराशि को ऋण खाते में समायोजित किया गया।

इस बात का विरोध करते हुए लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट ने आयोग को बताया कि अनुबंध की तय समय सीमा से पूर्व बिना कोई सूचना दिए गिरवी रखे सोने को बेचा गया है जो कि बैंक की सेवा में घोर कमी और लापरवाही को दर्शाता है ।

उपभोक्ता आयोग ने दोनों पक्षों को सुना और भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष और शाखा प्रबंधक को आदेशित किया कि वे परिवादी के गिरवी रखे स्वर्ण आभूषणों वजन 49.800 ग्राम अथवा बाजार मूल्य मुबलिग 78100रु प्रति 10 ग्राम के हिसाब से 388938 रुपए उस पर परिवाद संस्थन की तिथि से 9% वार्षिक ब्याज सहित अंदर दो माह में अदा करें। आभूषणों की कुल कीमत में से परिवादी द्वारा पूर्व ऋण खाते में जमा की गई धनराशि को समायोजित करते हुए शेष धनराशि परिवादी को अदा की जाएगी।

इसके अलावा विपक्षीगण परिवादी को मुबलिग 25000 रुपए मानसिक कष्ट व आर्थिक हानि के मद में तथा 5000 बाद व्यय के मद में भी अदा करेंगे। नियत अवधि में आदेश का अनुपालन न किए जाने की दशा में ब्याज 12% वार्षिक की दर से देय होगा।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बुढ़नपुर में समर कैंप का आयोजन



» सब का सपना

**अमरोहा:** निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ आदेशों के अनुपालन में प्राचार्या सुश्री शाहीन के कुशल नेतृत्व में संस्थान में भारतीय भाषा समर कैंप 2025 को आयोजन किया जा रहा है। जोकि 27 मई 2025 तक चलेगा। कैंप में पंजाबी भाषा को अतिरिक्त भाषा के रूप में सिखाया जा रहा है। पंजाबी भाषा को सीखने के लिए जनपद में तीन विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें ज्ञानी संजीव कुमार सिंह, ए आर पी ज्ञानी अतर सिंह सिख इंटर कॉलेज नारगपुर और ज्ञानी बलवान सिंह, बेसिक शिक्षक है। वही संस्थान में कैंप का चौथा दिन था। जिसमें निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संस्था के टीएलएम प्रशिक्षुओं के द्वारा स्थानीय पाप कल के विभिन्न व्यंजनों को तैयार किया गया। व्यंजनों को पूरी प्रक्रिया विशेषज्ञ के द्वारा पंजाबी भाषा में अनुवादित भी किया गया। समर कैंप में नोडल रामाशंकर प्रवक्ता, राहिल जहां प्रवक्ता के अलावा संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### नौगांव सादात के मोहल्ला अलीनगर में

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुनी मन की बात

» सब का सपना

**नौगांव सादात:** नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला अलीनगर में भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय महासंपर्क अभियान विभाग के जिला संयोजक, पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी ने अपने आवास पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 122 वा एपिसोड मन की बात कार्यक्रम रेडियो के माध्यम से सुना। पीएम ने मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत मैं उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात की । उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है । यह हमारे संकल्प साहस और बदलते भारत की तस्वीर है ।और इस तस्वीर को पूरे देश को देशभक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। पीएम ने भारतीय सेना के पराक्रम की भी सराहना की । उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा प्रहार किया । और इस ऑपरेशन सिंदूर को देशभक्ति की भावना से भर दिया । देश के अलग-अलग हिस्सों में लोग तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। पीएम ने कहा ऑपरेशन सिंदूर ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया। कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया । बिहार के कटिहार में,यूपी के कुशीनगर में, और भी कई शहरों में उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम ₹सिंदूर₹ रखा गया है ।ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही है संकल्प गीत गाए जा रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे हैं। जिनमें बड़े संदेश छुपे हैं। देश के कई शहरों में गांवों में, छोटे-छोटे कस्बों में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह सैनी, मयंक कुमार, सुनील कुमार,रंजीत कुमार, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद है।



### रोटरी क्लव बबराला गंगा की और से आयोजित समारोह में मेधावी छात्र -छात्राओ को किया गया सम्मानित




» सब का सपना

**बबराला/संभल:** शनिवार को नगर स्थित भानु आई केयर सेन्टर में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ रोटरी गवर्नर दीपा बन्ना द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा० कैलाश वार्ष्णेय द्वारा किया गया। अतिथि जा. कैलाश वार्ष्णेय ने शिक्षा के जीवन में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने कहा की शिक्षा का विशेष महत्व है। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया जिसमें रागिनी, आध्या, मन्तशा , अंशिका, शुभिवा, गौरी, पूजा, लोकेश, रोशनी, आफिया, तनिषा, नारायण, श्रेया, लाय, चिराग, यति, राधिका, कृतिका, रिषभ, सक्षम, सूर्यप्रताप आर्यन, आदित्य, अभिशेक,भास्कर, स्पर्श, रिधिका, मोनिका हर्ष, प्रमर, मान्या, शुभ, आलेख बेदिका, भावना, सौरभ, सलोनी, शिवानी श्रृष्टि, अर्शी, कविता, महक, निकिता, सीमा, प्रवेश, रश्मि, आदि छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पराग, विजय गोयल, अनुराग मित्तल, डा. रिजवान अहमद, डा.एन.पी-यादव, डा.राहुल यादव, सुरेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# नोडल अधिकारी ने किया,जनपद की गौशाला और जल जीवन मिशन की हर घर पाइप पेयजल परियोजनाओं का निरीक्षण

» सब का सपना

**अमरोहा:** शेष नाथ विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश शासन / नोडल अधिकारी अमरोहा जी द्वारा जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना की तीन परियोजनाओं विकास खंड अमरोहा के याहियापुर विकासखंड जोया के जलालपुर उमर और इकौदा की परियोजनाओं का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया । इस अवसर पर नोडल अधिकारी द्वारा टैंक निर्माण ऑटोमेशन नल कनेक्शन पानी आ रहा है या नहीं क्लोरिनेशन सड़क निर्माण सहित अन्य कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और ग्राम वासियों से संवाद किया पानी आ रहा है या नहीं कोई दिक्कत तो नहीं है घरों के अंदर जाकर स्वयं कनेक्शन चेक किया। ततपश्चात नोडल अधिकारी द्वारा पशु पालन विभाग की गौशाला फरीद पुर ईम्मा, याहियापुर कताई मिल का निरीक्षण किया गया। नोडल अधिकारी महोदय द्वारा हरा चारा भूसा खली चोकर की उपलब्धता का परीक्षण किया ।

कहा कि गोवंश की बेहतर देखभाल किया जाए कोई भी लापरवाही ना हो गर्मी के दृष्टिगत सभी व्यवस्था होनी चाहिए। बीमार पशुओं का समय से इलाज कराए जाने के निर्देश दिया कहा कि समय समय पर पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराएं। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता जल निगम सहित अन्य संबंधित अधिकारी व गौशाला निरीक्षण के समय डिप्टी सीवीओं सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।




# जिलाधिकारी ने किया गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का निरीक्षण कार्य में तेजी लाए जाने के दिया निर्देश

### जिलाधिकारी ने गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण में प्रयोग की जा रही नवीन टेक्नोलॉजी की सड़क पट्टी को देखा,जिसमे वाहन का पहिया टच होने पर सायरन की आवाज बजेगी, जिलाधिकारी ने कहा यह नींद में चालकों की होने वाली दुर्घटनाओं को रोक सकेगी

» सब का सपना

**अमरोहा:** शनिवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा तहसील हसनपुर के क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रारम्भ से जनपद अमरोहा की सीमा हापुड़ तक एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का मौके पर जाकर अवलोकन किया और गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश कार्यदायी संस्था के पदाधिकारियों को दिए । संस्था के अधिकारियों द्वारा दो महीने में सभी कार्य पूर्ण होने का आश्वासन दिया ।

जिलाधिकारी ने गंगा एक्सप्रेस वे में चालकों के नींद में वाहन चलाने पर होनी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रयोग की जा रही नवीन टेक्नोलॉजी की सड़क पट्टी को देखा और जानकारी ली । जिसके तहत सड़क पट्टी में वाहन का पहिया टच होने पर सायरन की आवाज देगा जिससे चालक वाहन चलाने के प्रति सावधान हो सकेगा ।

जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे बन जाने से लोगों को अनेक प्रकार से लाभ होगा, आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद उप जिलाधिकारी हसनपुर विभा श्रीवास्तव व अन्य संबंधित अधिकारी और गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।



# डॉ बीरेश सिंह बने प्रदेश महासचिव




» हनी चन्द्रा/सब का सपना

**चंदौसी/सम्भल:** केला देवी धाम के महंत एवं अंतराष्ट्रीय हरिहर सेवा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी ऋषिराज महाराज ने बताया कि अंतराराष्ट्रीय हरिहर सेना का लगातार विस्तार किया जा रहा है जिससे संगठन को मजबूती मिलें इसी श्रेणी में चंदौसी के मशहूर पार्थ हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ बीरेश सिंह को प्रदेश महासचिव का दायित्व किया जाता है डॉ वीरेश सिंह को नियुक्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया।

# दुबई से तस्करी कर पेट में छिपाकर गोल्ड ला रहे चार तस्कर हिरासत में

**सब का सपना संवाददाता**



**मुरादाबाद।** दुबई से तस्करी कर पेट में छुपा कर सोना ला रहे सभी छह लोग पुलिस की हिरासत में रविवार दोपहर तक 4 लोगों के पेट से निकाले जा चुके 20 से ज्यादा सोने के कैप्सूल मेडिकल सुपरविजन में दवाई देकर और एनिमा लगाकर निकाले जा रहे सोने के कैप्सूल निकाले जा चुके कुल 1 किलो सोने के कैप्सूल प्रत्येक कैप्सूल का वजन 25 से 35 ग्राम तक बताया जा रहा है।

इन सभी का मुरादाबाद के जिला अस्पताल में देर रात अल्ट्रासाउंड कराया था, जहां पर इनका सोने की तस्करी करने में शामिल होना पाया गया है।

सभी लोग पुलिस की हिरासत में जबकि अपहरण करने वाले लोगो मे शुक्रवार की रात मुठभेड़ के दौरान दो लोगो को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

इस तस्करी मामले की जांच के लिए दिल्ली से कस्टम की टीम मुरादाबाद पहुँच गई, एसपी सिटी ने बताया कि 4 तस्करों के पेट से अभी तक 20 कैप्सूल निकाले जा चुके है। और इस वक्त भी जिला अस्पताल में भर्ती है। बाकी फिर से स्कैनिग की जा रही है।

ये लोग दुबई से सऊदी होते हुए दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरे थे। थाना मूँढापाण्डे क्षेत्रान्तर्गत अपहरण, पुलिस मुठभेड़ व सोने की तस्करी से संबंधित अपराध के संबंध में पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद द्वारा जानकारी देकर बताया मुरादाबाद में पुलिस वर्दी पहने 2 बदमाशों ने विदेश से लौट रहे 6 लोगों का अपहरण कर लिया गया है। पुलिस ने सभी को पकड़ लिया। मेडिकल जांच हुई तो 6 में से चार लोगों के पेट में 150 ग्राम सोने के 8 कैप्सूल निकाले गए।

बाकी दोनों के पेट से भी गोल्ड निकालने की प्रक्रिया जारी है। ये सभी गोल्ड तस्कर हैं, जो दुबई से सोना लाकर यहां तस्करी करके बेचते हैं। पकड़े गए 2 बदमाश रफीक और राजा हैं। जबकि गोल्ड तस्कर नावेद, शाने आलम, मुतवल्ली, जाहिद और जुल्फिकार हैं।

# राज्य मंत्री गुलाब देवी के नेतृत्व में मन की बात का 122वें एपिसोड का कार्यक्रम किया

**हनी चन्द्रा/ सब का सपना**

**चंदौसी/सम्भल।** रविवार को सुभाष रोड स्थित चन्दौसी नगर भाजपा कार्यालय पर माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी के नेतृत्व में मन की बात का 122 वें एपिसोड का कार्यक्रम किया गया।

मुख्य अतिथि मान सिंह गोस्वामी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें एपिसोड में उत्तर प्रदेश के युवाओं की तारीफ की. उन्होंने खेल के मैदान से लेकर शहद उत्पादन तक में यूपी के युवाओं की मेहनत और उपलब्धियों को पूरे देश के सामने रखा. बरेली के कादिर खान, वाराणसी के शेख जीशान और बिजनौर के तुषार चौधरी जैसे युवाओं के रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन की पीएम मोदी ने खुले दिल से सराहना, नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पीएम का यह कार्यक्रम सुना और युवाओं को बधाई दी. प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 'खेलो इंडिया' मिशन को नई ऊर्जा मिली है और आज यूपी के खिलाड़ी देश के



लिए गर्व बन रहे हैं।

गुलाब देवी ने बताया कि 'मधुमय अभियान' से बदल रही ग्रामीण भारत की तस्वीर पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश में शहद उत्पादन में हो रही प्रगति की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि यूपी में हनी उद्यमियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सीएम योगी ने इसे 'मधुमय अभियान' का नाम दिया और कहा कि यह मिशन सिर्फ शहद उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि यह स्वास्थ्य, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का भी जरिया बन चुका है। राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन मिशन और शहद मिशन जैसी योजनाओं से न सिर्फ उत्पादन बढ़ा है बल्कि किसान अब अतिरिक्त आय भी कमा रहे हैं। यूपी जैसे राज्यों में शहद का निर्यात भी बढ़ रहा है जिससे गांवों में आर्थिक मजबूती आ रही है।

'ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' की चर्चा पर कहा कि स्वदेशी हथियारों और भारतीय सेना के पराक्रम ने 'आत्मनिर्भर भारत' की गूंज को पूरी दुनिया में फैलाया है। उन्होंने इसे राष्ट्रवाद, साहस और तकनीकी आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया। जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने बताया कि 'मन की बात' कार्यक्रम पहली बार 3 अक्टूबर 2014 को शुरू हुआ था. तब से यह कार्यक्रम हर महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित होता है. यह कार्यक्रम पीएम मोदी के उन प्रयासों का हिस्सा है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, मनोज कठेरिया, अंकित जैन, सुधीर मल्होत्रा, अभिनव शर्मा, डॉ टी एस पाल, आकाश आहूजा, आमोद वार्ष्णेय, राजकुमार ठाकरे, शुभम अग्रवाल, यश मदान, देवेंद्र गुप्ता, अमन कोली, अनुभव श्रीवास्तव, विक्की रस्तौगी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सेल्फी प्वाइंट स्थापित कर लोगों को किया जागरूक




**सब का सपना संवाददाता**

**मैनाठेर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना मैनाठेर पुलिस द्वारा सेल्फी प्वाइन्ट बनाकर लोगो को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी। साथ ही मिशन सड़क सुरक्षा के अभियान के अंतर्गत दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अवश्य पहनें, सीट बेल्ट का उपयोग करें,आदि लोगों को जागरूक किया गया।

### नाबालिग लड़की का अपहरण करने के आरोप में शिक्षक के खिलाफ मुकदमा

**बलिया (उप्र) (भाषा)** बलिया जिले के बांसडीह क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने के आरोप में एक शिक्षक के विरुद्ध रविवार को मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बांसडीह कोतवाली क्षेत्र की 15 वर्षीय लड़की अपने गांव में स्थित एक कोचिंग में पढ़ती थी जहां शिक्षक सलाउद्दीन लड़की को हाईस्कूल की ट्यूशन पढ़ाता था। उनके मुताबिक, नाबालिग लड़की गत 21 मई को कोचिंग संस्थान जा रही थी और आरोप है कि सलाउद्दीन लड़की को अगवा कर फरार हो गया।

कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि लड़की के पिता की तहरीर पर शिक्षक सलाउद्दीन के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस नाबालिग को बरामद करने और आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

### शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बनाने का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया (उप्र) (भाषा)** बलिया जिले के बैरिया क्षेत्र में शादी का झांसा देकर एक युवती से अवैध संबंध बनाने तथा वीडियो वायरल करने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने रविवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।


पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 20 वर्षीय युवती ने शनिवार को पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि बैरिया बदुरहा टोला गांव के अभिषेक गुप्ता नामक युवक ने शादी का झांसा देकर उससे अवैध सम्बन्ध स्थापित किये और घटना के वीडियो बना लिये। उसने दावा किया कि बाद में शादी करने की बात से वह मुकर गया और जान से मारने तथा वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा।

बैरिया क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि युवती की तहरीर पर अभिषेक गुप्ता के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 (झूठा वादा करके यौन संबंध बनाना), 352 (लोकशांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और 351-3 (आपराधिक धमकी) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी अभिषेक गुप्ता को रविवार को सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# नवविवाहिता की मौत पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, दहेज उत्पीड़न का आरोप

**सब का सपना संवाददाता**

**पीपलसाना।** ग्राम पंचायत पीपलसाना में देर रात तेईस वर्षीय युवती की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। युवती ने चार महीने पूर्व ही प्रेमी से कोर्ट मैरिज की थी। युवती के परिजन ससुरालियों पर दहेज की मांग को लेकर फांसी देकर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी को भेज दिया। ग्राम पंचायत पीपलसाना निवासी शाहिद के बेटे जुनैद ने कोतवाली गंज के मोहल्ला सराय गुलजारी मल निवासी सलीम की बेटी अमरीन जहां से फरवरी माह में कोर्ट मैरिज की थी। युवक ईद के बाद बैंगलोर में कारखाने में वैल्डिंग का काम करने चला गया। नवविवाहिता ससुर नाबालिग ननद देवरों के साथ ससुराल में रहती थी। मृतका के पिता सलीम और माता कौसर जहां ने बताया ससुराल वाले खाने पीने नहीं दे रहे थे। बेटी बार बार ससुरालियों पर दहेज की




मांग को लेकर मारपीट करने की शिकायत करती थी। शनिवार को सवा दो बजे बेटी ने फोन करके ससुरालियों पर हत्या की साज़िश करने का आरोप लगाया था। शाम को दरिंदों ने बेटी को फांसी पर लटकाकर जान ले ली। सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने शव की वीडियोग्राफी की तो मृतका के शरीर और गले पर फांसी देने के गहरे जख्म मिले। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर फांसी लगाने में प्रयुक्त दुपट्टा बरामद कर कब्जे में ले लिया। पुलिस शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला मुख्यालय स्थित मोर्चरी को भेज दिया।

# जनपद के अनेक बूथों पर सुना गया मन की बात का कार्यक्रम

**सब का सपना संवाददाता**

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद की कांठ विधानसभा के अगवानपुर मंडल में बूथ संख्या 333 ग्राम सेरुवा धर्मपुर में पश्चिमी उत्तरप्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा जी के साथ मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी विचारों को सुना और आत्मसात किया। यह संवाद न केवल प्रेरक था। बल्कि हमें राष्ट्र निर्माण की दिशा में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की ऊर्जा भी प्रदान करता है। जिले के अनेक बूथों पर सुना गया मन की बात का कार्यक्रम नगर में भारतीय जनता पार्टी के अनेक शक्ति केंद्र पर प्रधानमंत्री के मन की बात का 122 वें संस्करण को सुना गया, जिसमें प्रमुख रूप से शक्ति केंद्र 333 व बूथ संख्या 170 पर सहित अनेक बूथों पर कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सुना। यहां



प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में कांठ विधानसभा के छजलैट मंडल में बूथ संख्या 170 ग्राम रामनगर उर्फ रमपुरा में 122वें मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायी विचारों को पार्टी पदाधिकारी एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओ के साथ अनुश्रवण किया। शहर विधायक रितेश गुप्ता, जिला अध्यक्ष आकाश पाल,क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ,सदस्य विधान परिषद डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त एवं भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महिलाओं को दी सशक्तिकरण की जानकारी



**सब का सपना संवाददाता**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान चरण पांच रविवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी।

महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102,एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया।

# मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत किया लोगों को जागरूक



**सब का सपना संवाददाता**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सेल्फी प्वाइन्ट बनाकर लोगो को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक कर,पैम्फलेट वितरित किये गये तथा सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी।

बिलारी पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों प्रति जागरूक कर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में पुलिस द्वारा सेल्फी प्वाइन्ट बनाकर लोगो को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक कर शपथ दिलाई गई तथा सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी।

# बजरंगदल के गौ रक्षकों ने गौशाला का भ्रमण कर जताया विरोध



**सब का सपना संवाददाता**

**कुंदरकी।** मुरादाबाद के विकास खंड डींगरपुर कुंदरकी के बाछलभूड गांव में संचालित गोशाला का बजरंगदल के कार्यकर्ताओ ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने गौशाला संचालको पर गोवंशीय पशुओं की अनदेखी का आरोप लगाया और कहा की गौशाला में गोवंश की बेहद दयनीय स्थिति है, जिसको लेकर रविवार को इसका बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गौशाला में पहुंचकर कड़ा विरोध जताया। नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन भी किया। इस दौरान प्रखंड संयोजक अजय राजपूत, प्रखंड सह संयोजक गुड्डू कश्यप, प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख अंकित सनातनी, खंड छिरावली गौ रक्षा प्रमुख देव कुमार, खंड फरेदी संयोजक विशाल सैनी,खंड मोहन पुर संयोजक राहुल दक्ष,खंड मोहनपुर गौ रक्षा प्रमुख ललित प्रजापति, एवं जिला गौ रक्षा प्रमुख राहुल चौधरी आदि रहे।

# वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर जी के त्रिशताब्दी स्मृति में संगोष्ठी हुई आयोजित

**सब का सपना संवाददाता**

**मुरादाबाद।** जनपद में अगवानपुर स्थित रॉयल फॉर्म हाउस में पुण्यश्लोक लोकमाता वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर जी के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के निमित्त आयोजित जिला एवं महानगर के संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में रहे। कार्यक्रम में मुरादाबाद शहर विधायक रिरिते

गुप्ता, सदस्य विधान परिषद डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, जिला अध्यक्ष आकाश पाल सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सम्मानित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भारत की महान वीरांगना,त्याग और न्याय की प्रतिमूर्ति, पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत बताया यह केवल एक नारी नही,बल्कि माँ अहिल्याबाई




जी के जीवन दर्शन,सुशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की प्रेरक यात्रा का साक्षात्कार है।

उनका जीवन हमें सिखाता है कि नारी केवल शक्ति ही नहीं, बल्कि परिपक्व नेतृत्व, न्याय और करुणा की मूर्त भी है।

रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की स्मृति युगों तक हमें राष्ट्रसेवा और लोककल्याण की राह दिखाती रही है। न्याय की प्रतिमूर्ति, पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी आयोजित हुई।

## हर्ष गोयनका ने डायग्राम बनाकर दिखाए चीन, अमेरिका और यूरोप के नजारे!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उद्योगपति हर्ष गोयनका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत की तकनीकी तरक्की को लेकर एक जरूरी सवाल उठाया है। उन्होंने चीन, अमेरिका और यूरोप की तुलना में भारत को थोड़ा पीछे बताया है। गोयनका ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में डायग्राम शेयर किया। इस डायग्राम में दुनिया के तकनीकी नजारे को दिखाया गया है। इसमें बताया गया है कि चीन चीजें बनाता है, अमेरिका नए आइडिया लाता है और यूरोप नियम बनाता है। गोयनका ने पूछा, भारत कहां है? उनका मतलब था कि भारत में कुछ कमी है।

### कौन कितना आगे?

डायग्राम में गोयनका ने दिखाया गया है कि चीन ने ड्रोन, एडवांस्ड बैटरी और 5त्न में महारत हासिल की है। अमेरिका टेक्नोलॉजी, एडवांस्ड फिजिक्स और बायोटेक व फार्मा में आगे है। यूरोप नियम बनाने में आगे बढ़ रहा है। वहीं चीन और अमेरिका चिप, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, नेक्स्ट जेन नेटवर्क्स और एआई में एक दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।

### भारत का कौन सा नंबर?

भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 2015 से 2023 के बीच 81वें नंबर से 40वें नंबर पर आ गया है। लेकिन अभी भी कुछ दिक्कतें हैं। भारत अपनी जीडीपी का सिर्फ 0.64 प्रतिशत ही रिसर्च और डेवलपमेंट पर खर्च करता है। जबकि चीन 2.68 प्रतिशत और अमेरिका 3.5 प्रतिशत खर्च करते हैं। चीन की कंपनी हुआवेई भी भारत के पूरे सरकारी और प्राइवेट सेक्टर से ज्यादा रिसर्च पर खर्च करती है।

**क्या है चीन-अमेरिका की तरक्की का कारण:** चीन की तरक्की का कारण मेड इन चाइना 2025 जैसी सरकारी योजनाएं हैं। चीन हर साल लगभग 500 बिलियन डॉलर की रकम रिसर्च और डेवलपमेंट पर खर्च करता है। वह सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिक गाड़ियों जैसे सेक्टरों पर ध्यान दे रहा है। अमेरिका में सिलिकॉन वैली है, जो नए आइडिया को बढ़ावा देती है।

## चीन को सिरदर्द दे रहीं भारत की दवाइयां! भारतीय कंपनियों ने बढ़ाई अमेरिका और यूरोप में पहुंच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की फार्मा इंडस्ट्री इस समय चीन को कड़ी टक्कर दे रही है। अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर में भारत की दवा कंपनियों को फायदा मिल रहा है और ये तेजी से दवाएं बना रही हैं। इस समय कई भारतीय दवा कंपनियों ने विदेशी कंपनियों से डील की है। ऐसे में देखा जाए तो भारत की फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री चीन के लिए सिरदर्द बन रही है। अप्रैल के महीने में सुवेन फार्मास्युटिकल्स के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन विवेक शर्मा एक बड़ी डील के लिए एक विदेशी कंपनी के अधिकारियों से बात कर रहे थे। यह कंपनी दवा बनाने के लिए जरूरी सामान बनाती है। शर्मा की कंपनी हैदराबाद में है। वे ऐसी कंपनियों को खरीदना चाहते हैं जिनके पास नई तकनीक हो। इससे उनकी कंपनी पश्चिमी देशों की बड़ी दवा कंपनियों से दवा बनाने का काम ले सकेगी।



### अमेरिकी कंपनी में खरीदी बड़ी हिस्सेदारी

इससे पहले दिसंबर में सुवेन ने एनजे बायो इंक में ज्यादातर हिस्सेदारी खरीद ली थी। यह कंपनी अमेरिका के प्रिंसटन में है। यह एक रिसर्च कंपनी है जो कैंसर के इलाज के लिए दवाएं बनाती है। सुवेन ने इस कंपनी को 65 मिलियन डॉलर में खरीदा। इस डील से सुवेन सीडीएमओ के बाजार में एक बड़ी कंपनी बन गई है। सीडीएमओ दूसरी कंपनियों के लिए दवा बनाने का काम करती हैं। ये कंपनियां दवा बनाने से लेकर उसे बाजार में बेचने तक का सारा काम करती हैं। इस बीच, बायोकोन कंपनी सिंजीन इंटरनेशनल ने अमेरिका के बाल्टीमोर में इमर्जेंट बायो सॉल्यूशंस नाम की एक कंपनी को खरीद लिया है। यह कंपनी प्रोटीन और जीन जैसी दवाएं बनाती है। यह डील 36.5 मिलियन डॉलर में हुई है। सिंजीन इंटरनेशनल के एमडी और सीईओ, पीटर बैंस का कहना है कि इस डील से सिंजीन को अमेरिका में पैर जमाने में मदद मिलेगी और वह अपने ग्राहकों के करीब आ सकेगी। ग्लोबल फार्मा कंपनियां अब अपने सप्लाई चेन को बदलना चाहती हैं। अमेरिका और यूरोप की बड़ी दवा कंपनियां चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहती हैं क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच रिश्ते ठीक नहीं हैं। इसलिए, वे अपने देश के करीब दवाएं बनवाना चाहती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी देशों की दवा कंपनियां अपने देश में फैक्ट्रियां लगा रही हैं ताकि सप्लाई चेन में दिक्कत न हो, नियमों का पालन हो सके और दवाएं बनाने का काम आसानी से हो सके।

### ट्रंप का आदेश भी अच्छी खबर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक आदेश जारी किया था जिसमें दवा कंपनियों को 30 दिनों में दवाओं की कीमतें कम करने के लिए कहा गया था। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे दवा कंपनियां भारत में अपने पार्टनर ढूंढेंगी ताकि वे रिसर्च और प्रोडक्शन की लागत कम कर सकें। यह भारतीय सीडीएमओ के लिए एक अच्छी खबर है।

### अमेरिका और यूरोप में जमा रहीं पैर

भारत की कई सीडीएमओ पश्चिमी देशों की बड़ी दवा कंपनियों के लिए दवाएं बनाने में मदद कर रही हैं। अब ये कंपनियां अमेरिका और यूरोप में ऐसी कंपनियों को ढूंढ रही हैं जिन्हें खरीदकर वे अपनी क्षमता बढ़ा सकें। एक बड़े अधिकारी का कहना है कि भारत की लगभग हर सीडीएमओ कंपनी के लोग अमेरिका के पूर्वी तट और पश्चिमी तट पर ऐसी कंपनियों को ढूंढ रहे हैं जिन्हें खरीदा जा सके। भारत में इन कंपनियों की फैक्ट्रियां सालों से विदेशी दवा कंपनियों की मदद कर रही हैं। अब ये कंपनियां ऐसी कंपनियों को खरीदना चाहती हैं जो कैंसर, जीन थेरेपी और बायोलॉजी के क्षेत्र में काम करती हैं।

## कबाड़ी वाले से आइडिया लेकर दो दोस्तों ने शुरू किया कबाड़ का काम, अब कमा रहे लाखों रुपये



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या कबाड़ का कारोबार करके भी बड़ा बिजनेसमैन बना जा सकता है? हां, और यह सच कर दिखाया है महाराष्ट्र के ठाणे शहर के दो दोस्तों ने। इनका नाम हेनिक गाला और श्रेयस जलपुर है। इन्होंने बचपन में एक कबाड़ी वाले को देखा। उस कबाड़ीवाले से प्रेरणा लेकर उन्होंने स्क्रैपजी नाम से एक स्टार्टअप शुरू किया। आज इनका टर्नओवर लाखों रुपये है।

स्क्रैपजी हर महीने 10,000 किलो से ज्यादा कचरा रीसायकल करता है। हेनिक और श्रेयस जब छोटे थे तो उन्होंने अपने स्कूल के पास एक कबाड़ी वाले को देखा। वे उसे कचरा छांटते और तौलते हुए देखते थे। हेनिक बताते हैं कि वह असली समस्या का समाधान कर रहा था। यह बात उनके दिमाग में बैठ गई। साल 2023 में जब वे 26 साल के हुए तो उन्होंने स्क्रैपजी शुरू किया। यह स्टार्टअप तकनीक की मदद से कचरा इकट्ठा करता है और उसे रीसायकल करता है। स्क्रैपजी का काम करने का तरीका थोड़ा अलग है। यह स्टार्टअप लोगों के घरों से अखबार, प्लास्टिक, मेटल और ई-कचरा इकट्ठा करता है। लेकिन इसमें तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे काम आसान हो जाता है।

## हंगामा टीवी की नई सीरीज 'मोना की मनोहर कहानियां' के रिलीज की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** देश के सबसे प्रमुख डिजिटल एंटरटेन्मेंटप्लैटफॉर्म में शुमार 'हंगामा ओटीटी' ने 22 मई 2025 को अपनी नई ओरिजनल सीरीज 'मोना की मनोहर कहानियां' के रिलीज की घोषणा की। एक मर्डर की पहेली के इर्द-गिर्द बुनी गई यह सीरीज एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है जो दर्शकों को शक, सच के साथ हेर-फेर करने और धोखे से भरी दुनिया में ले जाती है। इस सीरीज को साकेत यादव ने डाइरेक्ट किया है। इसे प्रोड्यूस किया है राजवीर आहूजा और सचिन शिंदे ने। इस सीरीज के मु य किरदारों में नजर आएंगे सृष्टिरोडे, अंकुरनैय्यरऔरडेज़ीबोपन्ना। 'मोना की मनोहर कहानियां' की कहानी इंटेरोगेशनरूम (पूछताछ कक्ष) की चार-दीवारी में ही सिमटी है। यह सीरीज इंस्पेक्टर पवन (अंकुर नैय्यर) की मोना (सृष्टिरोडे) से की जाने वाली पूछताछ पर केंद्रित है। एक मर्डर के मामले में सबसे ज़्यादा शक के घेरे में मोना ही है। मोना की कहानी सच और झूठ के बीच झूलती है। एक सामान्य पूछताछ जल्द ही एक बड़े अपराध की ओर ले जाती है। मोना जो भी कहानी सुनाती है उसे सुनकर पवन एक अजीब-सी साइकोलॉजिकल भूलभुलैया में फंसने लगता है। पवन यह तय नहीं कर पाता है कि मोना ही खूनी है या फिर वह कोई खेल खेल रही है। इस केस की वजह से पवन और उसकी पत्नी (डेज़ीबोपन्ना) का वैवाहिक जीवन बिखरने लगता है और मोना का खतरनाक जादू सर चढ़कर बोलने लगता है। कहानी के इस मोड़ पर दर्शक अंदाजा लगाने लगते हैं कि कौन चीजों को कंट्रोल कर रहा है और कौन चीजों से खेल रहा है। इस सीरीज के बारे में बात करते हुए हंगामा डिजिटल के सीईओ सिद्धार्थ रॉय ने कहा, हमें आपके लिए यह सीरीज 'मोना की कहानियां' रिलीज करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह आपको इस बात की झलक दिखाएगी कि हम किस तरह की नई और दिलचस्प सीरीज पर काम कर रहे हैं। आप थ्रिलर के दीवाने हों या फिर ड्रामा पसंद करते हों, कुछ नई तरह का कॉन्टेन्ट हर तरह के दर्शक के लिए हम पेश करने वाले हैं। हम हर तरह का और हर मौके के हिसाब सेकॉन्टेन्ट पेश करने जा रहे हैं।

## 19000 तक जाएगा डिक्सन टेक्नोलॉजी का चर्चित शेयर!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते एक साल के दौरान शेयर बाजार में काफी उतार और चढ़ाव देखने को मिला है। लेकिन इस दौरान जिन दिग्गज कंपनियों ने निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है उसमें डिक्सन टेक्नोलॉजी एक है। कंपनी ने हाल ही में मार्च तिमाही के नतीजों का ऐलान किया है। आइए जानते हैं एक्सपर्ट्स की क्या राय इसके विषय में



### शानदार रहे हैं तिमाही नतीजे

जनवरी से मार्च 2025 के दौरान कंपनी का प्रॉफिट (टैक्स भुगतान के बाद) 465 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 379 प्रतिशत बढ़ा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट 97 करोड़ रुपये रहा था। डिक्सन टेक्नोलॉजी का रेवन्यू मार्च क्वार्टर के दौरान 120 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद 10,304 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 4675 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी का इबीआइटीडीए मार्च तिमाही के दौरान 454 करोड़ रुपये रहा। पूरे वित्त वर्ष की बात करें तो कंपनी का प्रॉफिट (कर भुगतान के बाद) 1233 करोड़ रुपये रहा है। साल दर साल के आधार पर बीते वित्त वर्ष कंपनी का प्रॉफिट 1233 करोड़ रुपये बढ़ा है।

### हर शेयर पर 400 प्रतिशत का डिविडेंड दे रही है कंपनी

तिमाही नतीजों के साथ डिक्सन टेक्नोलॉजी ने डिविडेंड का भी ऐलान किया है। कंपनी हर एक शेयर पर 8 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। यानी 2 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर योग्य निवेशकों को 400 प्रतिशत का फायदा होगा।

### एक्सपर्ट्स बुलिश

भले ही पिछले कुछ दिनों के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। लेकिन इसके बाद भी इस स्टॉक के प्रदर्शन को लेकर ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने 19000 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। ब्रोकरेज हाउस आनंद राठी ने 18775 रुपये का टारगेट प्राइस इस स्टॉक के लिए सेट किया है।

शुक्रवार को कंपनी के शेयर 0.95 प्रतिशत की गिरावट के बाद बीएसई में 15023.65 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते एक हफ्ते में यह स्टॉक 9 प्रतिशत गिरा है। हालांकि, इसके बाद भी कंपनी के शेयरों की कीमतों में एक साल में 62 प्रतिशत की तेजी आई है।


## 5 साल में 650 प्रतिशत रिटर्न देने वाली कंपनी केल्टन टेक सॉल्यूशंस का बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईटी सेक्टर से जुड़ी कंपनी- केल्टन टेक सॉल्यूशंस ने विदेशी मुद्रा बांड जारी करने की घोषणा की है। इस ऐलान के बाद अब कंपनी के शेयर सोमवार को फोकस में रहेंगे। बता दें कि इस कंपनी के शेयर शुक्रवार को 0.30 प्रतिशत बढ़कर 117.25 रुपये पर पहुंच गए थे। शेयर की पिछली क्लोजिंग 116.90 रुपये की थी।

**कंपनी ने क्या किया है ऐलान:** केल्टन टेक सॉल्यूशंस के निदेशक मंडल ने पात्र निवेशकों को 10 मिलियन डॉलर मूल्य के विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड (एफसीसीबी) के आवंटन को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि निदेशक मंडल की सुरक्षा जारी करने वाली समिति ने 23 मई को आयोजित अपनी बैठक में 10,000 एफसीसीबी के आवंटन को मंजूरी दे दी है। इसका अंकित मूल्य 1,000 डॉलर प्रति बांड है, जो कुल मिलाकर 10,000,000 डॉलर है। बांड पर प्रति वर्ष 6.5 प्रतिशत की कूपन दर है और इसकी अवधि 10 वर्ष है। यह 2035 में मैच्योर होगी।

**शेयर का परफॉर्मेंस:** केल्टन टेक सॉल्यूशंस के शेयर की कीमत एक महीने में 2 प्रतिशत बढ़ी है लेकिन साल-दर-साल आधार पर 25 प्रतिशत की गिरावट आई है। पिछले छह महीनों में, केल्टन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों में 17 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस कंपनी के शेयरों ने लंबी अवधि में मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। स्मॉलकैप स्टॉक ने दो साल में 93 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है और पिछले 5 सालों में 650 प्रतिशत से ज्यादा की छलांग लगाई है।

## 2 दिन में 5 गुना से अधिक भरा एसएमई आईपीओ, ग्रे मार्केट दिखा रहा हर शेयर पर 110 का फायदा





**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रे मार्केट में इस समय जिन कंपनियों के आईपीओ अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं उनमें से यूनिफाइड डाटा टेक एक है। कंपनी के आईपीओ को निवेशकों की तरफ से भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। यह आईपीओ बीते हफ्ते ही खुल गया था। लेकिन अभी इस पर दांव लगाने का एक और मौका कल यानी सोमवार को है।

यूनिफाइड डाटा टेक आईपीओ रिटेल निवेशकों के लिए 22 मई को खुला था। कंपनी का आईपीओ अब 26 को बंद होगा। इस आईपीओ का साइज 144.47 करोड़ रुपये है। कंपनी आईपीओ के जरिए 52.92 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी।

**400 शेयरों का एक लॉट:** यूनिफाइड डाटा टेक आईपीओ का प्राइस बैंड 273 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी ने 400 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 1,04,800 रुपये का दांव लगाना ही पड़ेगा।

**5.77 गुना भरा आईपीओ:** यूनिफाइड डाटा टेक आईपीओ को निवेशकों की तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। शुरुआती दो दिन में आईपीओ 5.77 गुना भर चुका है। रिटेल कैटगरी में सबसे अधिक 7.36 गुना सब्सक्राइब किया गया है। वहीं, क्यूआईबी कैटगरी में 2.43 गुना और एनआईआई कैटगरी में 6.94 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। एंकर निवेशकों के लिए यह आईपीओ 21 मई को ओपन हुआ था। कंपनी ने एंकर निवेशकों से 41.14 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एंकर निवेशकों को जारी किए गए 50 प्रतिशत शेयरों का लॉक इन पीरियड महज 30 दिन का ही है। वहीं, बाकि बचे 50 प्रतिशत का लॉक इन पीरियड 90 दिन का है।

## खाने से लेकर व्यापार तक... ऐतिहासिक रहे हैं भारत और तुर्की के संबंध, लेकिन कभी नहीं रहा गहरा रिश्ता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस्तांबुल का मिस्र बाजार मसालों के लिए काफी फेमस है। यहां भारतीय लोग भरत नाम के मसाले को देखकर हैरान हो सकते हैं। यह देसी मसाला नहीं है। यह एक मध्य पूर्वी मिश्रण है, जिसे बहारत भी कहा जाता है। यह भारत और तुर्की के रिश्तों का प्रतीक है। आज ये रिश्ते उतने अच्छे नहीं हैं, लेकिन पहले भी हमेशा थोड़े अजीब रहे हैं।

भारत और तुर्की का इतिहास मध्य एशिया की तुर्क जनजातियों से जुड़ा है। 11वीं सदी में तुर्कों की एक शाखा ऑटोमन यूरोप की ओर बढ़ी। उन्होंने पूर्वी रोमन साम्राज्य बायजांतियम को जीत लिया। तुर्की को यूरोप और एशिया का मिलन बिंदु कहा जाता है। लेकिन खाने के मामले में, यह मध्य एशियाई और भूमध्यसागरीय दुनिया का मिलन है।

**मुगलों का खास लगाव:** 16वीं सदी में,मुगलों ने हिमालय पार करके उत्तर और मध्य भारत को जीता। ऑटोमन और मुगल एक दूसरे के बारे में जानते थे। शायद उन्होंने एक दूसरे पर कब्जा करने का सपना भी देखा होगा। लेकिन वे इतने दूर थे कि यह संभव नहीं था।

दोनों तुर्क संस्कृति के कुछ तत्व अपने क्षेत्रों में लाए। जैसे स्टू और परतदार ब्रेड पसंद करना। इसमें समोसा भी शामिल है, जिसे संबुसाक भी कहा जाता है। दोनों ने इसे मौजूदा पाक संस्कृतियों के साथ मिलाया। बायजांतियम के ईसाई धर्म में मांस खाने के खिलाफ कई नियम थे। इसलिए शाकाहारी भोजन का प्रचलन था। भारत में दालों से प्रोटीन मिलाया गया और तुर्की में मछली से।

**व्यापार का पुराना संबंध:** अरब व्यापारी भारत से चीनी व मसाले और तुर्की से सूखे मेवे और नट्स का व्यापार करते थे। तुर्कों को मीठा बहुत पसंद था। डेनिज गुरसोय ने अपनी किताब में एक कहानी बताई है। एक पेस्ट्री बनाने वाले ने कहा, मैंने इसे शहद के बजाय गन्ने की चीनी से मीठा किया है, क्योंकि यह ज्यादा स्वादिष्ट है। भारत गन्ने की चीनी का मूल स्रोत था। फिर अरबों ने इसे मिस्र जैसी जगहों पर पहुंचाया। वहां ऑटोमन दरबार के लिए बड़ी मात्रा में चीनी उगाई और साफ की गई।

**मीठे मसालों का भी इस्तेमाल:** ऑटोमन दालचीनी जैसे मीठे मसालों का इस्तेमाल करते थे। जब अमेरिका से मिर्च आई तो तुर्की के क्षेत्रीय भोजन में इसे अपनाया गया। लेकिन इस्तांबुल के शाही भोजन में तीखे स्वाद से बचा जाता है।

मिस्र बाजार का मतलब इजिप्टियन बाजार है। सीरिया में अलेप्पो मसालों के व्यापार मार्गों का मुख्य केंद्र था। ऑटोमन खुद मसालों का ज्यादा इस्तेमाल नहीं करते थे। वे भूमध्यसागरीय बंदरगाहों पर नियंत्रण करके उनके व्यापार से लाभ कमाना पसंद करते थे।

**कब हुआ नजदीकी संपर्क:** तुर्कों और भारतीयों के बीच सबसे नजदीकी संपर्क तब हुआ, जब पुर्तगाली हिंद महासागर में मसालों के व्यापार को खतरे में डालने के लिए आए। 16वीं सदी की शुरुआत में, पुर्तगालियों ने गोवा और दीव जैसी बस्तियां बनाईं। तब तुर्कों ने लाल सागर में एक नौसेना बनाई। उन्होंने गुजरात के सुल्तानों को यूरोपीय खतरे को हराने के लिए दूत भेजे। अरब सागर के तट पर पुर्तगालियों और ऑटोमन के बीच कई नौसैनिक युद्ध हुए। 1538 और 1546 में दीव की घेराबंदी भी हुई। लेकिन नौसैनिक युद्ध ऑटोमन की ताकत नहीं थी। वे पुर्तगालियों को हरा नहीं पाए। सैयदी अली रीस को एडमिरल नियुक्त किया गया था। 1554 में उनकी नौसेना एक एलिफेंट टाइफून से टकरा गई। उन्हें गुजरात ले जाया गया। वहां उनके नाविकों को एक अप्रत्याशित दुश्मन मिला। अपनी किताब में सैयदी लिखते हैं कि यह ताड़ के पेड़ थे।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में कोरोना फिर एक्टिव, रायपुर में मिला पहला केस

**रायपुर , एजेंसी।** देश के कई हिस्सों में एक बार फिर कोरोना ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में भी अब छत्तीसगढ़ में भी कोरोना का पहला मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कोरोना संक्रमित एक मरीज मिला है। मरीज को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऐसा बताया जा रहा है कि मरीज सदी-खांसी की परेशानी को लेकर अस्पताल गया था, जहां जांच में कोरोना पॉजीटिव पाया गया है। मरीज की पहचान होने के बाद इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दी गई है। कोरोना कंट्रोल सेंटर के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी ने इस मामले की पुष्टि की है।

मिली जानकारी के मुताबिक लक्ष्मीनगर, पचपेड़ी नाका निवासी यह व्यक्ति सर्दी-खांसी के रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल पहुंचा था। लक्षणों के आधार पर डॉक्टरों को कोरोना की आशंका हुई, जिसके बाद उसका सैंपल लिया गया। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद तुरंत उसे आइसोलेट कर इलाज शुरू कर दिया गया। संक्रमित मरीज़ को एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है, जहां उसका इलाज कोरोना प्रोटोकॉल के तहत किया जा रहा है।

मरीज को सिंगल वार्ड में रखा गया है और इलाज की अलग से विशेष व्यवस्था की गई है। अस्पताल प्रबंधन ने भी मरीज के संक्रमित होने की पुष्टि की है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मरीज के परिजनों का सैंपल लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही, हाल के दिनों में मरीज़ के संपर्क में आए लोगों की ट्रैकिंग और स्क्रीनिंग की जा रही है। सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि संक्रमित मरीज का किसी अन्य राज्य की यात्रा का कोई इतिहास नहीं है, जिससे यह संदेह गहरा रहा है कि संक्रमण स्थानीय स्तर पर फैला हो सकता है। राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे सावधानी बरतें, भीड़-भाड़ से बचें और यदि कोई लक्षण दिखें तो तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं।

कोरोना कंट्रोल सेंटर के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी ने जनता से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, बल्कि सावधानियां बरतें। मास्क का उपयोग करें, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करें और हाथों को बार-बार धोते रहें। भीड़ वाली जगहों से दूर रहें। यदि किसी भी तरह के लक्षण महसूस होते हैं तो तत्काल स्वास्थ्य जांच कराएं। कोरोना संक्रमण को लेकर डरने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है।

### छत पर सो रही महिला को उठा ले गया तेंदुआ, मचा हाहाकार, इलाके में फैली दहशत

**बहराइच, एजेंसी।** यूपी के बहराइच में कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज जंगल से सटे अयोध्यापुरवा गांव में शनिवार रात छत पर सो रही अधेड़ महिला को तेंदुआ उठा ले गया। हांका लगाते लोग महिला की तलाश में निकले। तो कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में शव मिला। जिसके चलते परिजनों में हाहाकार मच गया। जानकारी पर पुलिस व वन महकमे की टीम मौक पहुंची है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तेंदुए के हमले से इलाके में दहशत फैल गई है। सुजौली थाने के अयोध्यापुरवा निवासनी 45 वर्षीय जहीरा बानो पत्नी निसार अहमद शनिवार रात में परिवार के अन्य सदस्यों के साथ छत पर सो रही थी। शनिवार देर रात लगभग 2 - 3 बजे के बीच तेंदुआ छत पर चढ़ गया। तेंदुआ जहीरा बानो को गले से दबोच ले गया। तेंदुआ के हमले पर सब की नींद टूटी। उनके शोर पर ग्रामीण लाठी और डंडा लेकर हांका लगाते हुए दौड़े। कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में महिला को छोड़ कर तेंदुआ गायब हो गया। ग्रामीणों ने महिला जहीरा बानों का शव खेत से बरामद हो गया। महिला के गले पर तेंदुए के दांत के निशान पाए गए है। तेंदुए के हमले से महिला की मौत के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया। यूपी के बहराइच में कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज जंगल से सटे अयोध्यापुरवा गांव में शनिवार रात छत पर सो रही अधेड़ महिला को तेंदुआ उठा ले गया। हांका लगाते लोग महिला की तलाश में निकले। तो कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में शव मिला। जिसके चलते परिजनों में हाहाकार मच गया। जानकारी पर पुलिस व वन महकमे की टीम मौक पहुंची है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तेंदुए के हमले से इलाके में दहशत फैल गई है। सुजौली थाने के अयोध्यापुरवा निवासनी 45 वर्षीय जहीरा बानो पत्नी निसार अहमद शनिवार रात में परिवार के अन्य सदस्यों के साथ छत पर सो रही थी।

# समुद्र में लौट रहा लहरों का योद्धा आईएनएस ब्रह्मपुत्र, आग लगने के बाद हुआ था बड़े हादसे का शिकार



**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय नौसेना का स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र जुलाई 2024 में मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में हुए एक गंभीर हादसे के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। लेकिन अब यह युद्धपोत एक बार फिर से सेवा में लौटने की राह पर है। वरिष्ठ नौसैनिक अधिकारियों ने बताया कि युद्धपोत के 'फ्लोट और मूव' क्षमताओं को बहाल करने का कार्य इस साल के अंत या 2026 की शुरुआत तक पूरा हो सकता है, जबकि इसकी 'फाइट' यानी युद्ध क्षमता जून-जुलाई 2026 तक दोबारा सक्रिय हो सकती है। कई लोगों को आशंका थी कि भारी नुकसान के कारण यह पोत दोबारा सेवा में नहीं लौट पाएगा, लेकिन नौसेना इसे ठीक करने और सेवा में वापस लाने के लिए तेजी से काम कर रही है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, नौसेना डॉकयार्ड में युद्धपोत की मरम्मत तेजी से चल रही है। उसे फिर से समुद्र में चलने लायक बनाना प्राथमिकता है। यह पहली बार है जब वर्ष 2000 में सेवा में आए इस गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट के दोबारा ऑपरेशन को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने आई है। यह युद्धपोत कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा बनाया गया था।

#### हादसा और नुकसान

21 जुलाई 2024 को नौसेना डॉकयार्ड में खड़े 3,850 टन वजनी आईएनएस ब्रह्मपुत्र पर आग लग गई थी। आग बुझाने के लिए बड़े पैमाने पर पानी पंप किया गया, जिससे युद्धपोत झुक कर पलट गया। इस हादसे में लीडिंग सीमैन सितेंद्र सिंह की मौत हो गई थी। वह उस समय युद्धपोत के मरम्मत कार्य में शामिल थे। जबकि अधिकांश क्रू मेंबर सुरक्षित बाहर निकल गए थे, कुछ ने समुद्र में छलांग लगाकर जान बचाई, लेकिन सितेंद्र सिंह डूब गए। इसके बाद युद्धपोत को नवंबर 2024 में ड्राई डॉक में ले जाया गया और फिर नुकसान का व्यापक मूल्यांकन कर मरम्मत की योजना बनाई गई।

#### मरम्मत कार्य और आगे की योजना

दूसरे अधिकारी ने बताया कि, मरम्मत चरणबद्ध तरीके से चल रही है। सबसे पहले जहाज की ढांचा, प्रणोदन प्रणाली और बिजली उत्पादन को दुरुस्त किया जा रहा है ताकि फ्लोट और मूव क्षमता बहाल हो सके। युद्धपोत की फाइट यानी हथियार प्रणाली और सेंसर को पुनः सक्रिय करने का कार्य भी समानांतर रूप से चल रहा है। सभी क्षतिग्रस्त उपकरणों को हटाकर डॉकयार्ड की वर्कशॉप में ले जाया जा रहा है, जहां उनकी मरम्मत या रिप्लेसमेंट हो रहा है। युद्धपोत के क्रू सदस्य भी मरम्मत कार्य में तकनीकी सहायता दे रहे हैं।

#### सुरक्षा पर भी फोकस

हादसे के तुरंत बाद नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मुंबई का दौरा कर क्षति का जायजा लिया था और पश्चिमी नौसेना कमान को युद्धपोत को दोबारा चालू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने एक विशेष कार्यबल का गठन किया, जिसकी अध्यक्षता एक रियर एडमिरल कर रहे थे। STF ने नौसेना के जहाजों से जुड़े सुरक्षा और संचालन मानकों पर अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इस रिपोर्ट की सिफारिशों को सभी नौसेना कमानों और इकाइयों को जारी कर, शीघ्र अमल के निर्देश दिए गए हैं। अप्रैल 2025 में हुई नौसेना कमांडर्स की चार दिवसीय कांफ्रेंस में भी सुरक्षा एक अहम मुद्दा रहा। इस दौरान स्ज्ञस्न की रिपोर्ट के आधार पर उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई। हालांकि रिपोर्ट आने के बाद भी दो और दुर्घटनाएं घट चुकी हैं।

## भाजपा विधायक और शिमला एसपी के बीच विवाद, कार्रवाई के लिए कोर्ट पहुंचे कप्तान



**शिमला, एजेंसी।** शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी और भाजपा विधायक सुधीर शर्मा के बीच विवाद की स्थिति बन गई है। गांधी ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में एक याचिका दायर कर बिना अनुमति के अदालती कार्यवाही का वीडियो क्लिप प्रसारित करने के मामले में भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुधीर शर्मा के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया। भाजपा विधायक शर्मा ने याचिका के जवाब में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को कानूनी नोटिस भेजा है।

गांधी ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मैंने धर्मशाला से भाजपा विधायक सुधीर शर्मा के खिलाफ उच्च न्यायालय की कार्यवाही का चुनिंदा तरीके से सीधा प्रसारण करने के लिए अदालत में याचिका दायर की है, जो कार्यवाही की अवमानना ??और कॉपीराइट और सूचना अधिनियम का उल्लंघन है।

ऑनलाइन प्रसारित वीडियो में बुधवार को हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) के मुख्य अभियंता विमल नेगी की मौत की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान गांधी के खिलाफ अदालत की टिप्पणी दिखाई गई है।

पुलिस अधीक्षक ने आरोप लगाया कि शर्मा पिछले साल फरवरी में हुए राज्यसभा चुनाव के दौरान विधायकों की कथित खरीद-फरोख्त के 'मास्टरमाइंड' थे। उन्होंने दावा किया कि शर्मा ने दुर्भावनापूर्ण तरीके से उन्हें गलत रूप में पेश किया गया और उनकी छवि खराब की। दूसरी ओर, शर्मा ने एसपी को कानूनी नोटिस भेजकर कहा कि क्लिप में छेड़छाड़ नहीं की गई है और कार्यवाही की 'लाइव स्ट्रीमिंग' की अनुमति अदालत ने ही दी है। उन्होंने एसपी द्वारा दिए गए 'गैर-जिम्मेदाराना और निराधार' बयानों को वापस लेने की मांग की।

## केरल सरकार ने तुर्की को दिए थे 10 करोड़, अब पाक से तनाव के बीच थरूर ने उठाए सवाल



**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** भारत की ऑपरेशन सिंदूर के तहत वैश्विक कूटनीतिक पहल के बीच केरल सरकार द्वारा 2023 में भूकंप प्रभावित तुर्की को दिए गए ?10 करोड़ के वित्तीय सहायता पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विदेश मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष शशि थरूर ने इसे गलत प्राथमिकता वाली उदारता करार दिया, वहीं सीपीआई(एम) सांसद जॉन ब्रिटास ने उन्हें चुनिंदा स्मृति का शिकार बताया। दोनों नेता फिलहाल ऑपरेशन सिंदूर के तहत भेजे गए बहु-दलीय प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की स्थिति को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर समर्थन दिलाना है।

थरूर अमेरिका, पनामा, गयाना, ब्राजील और कोलंबिया की यात्रा पर गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान द्वारा तुर्की-निर्मित ड्रोन के इस्तेमाल की रिपोर्टों के संदर्भ में कहा, उम्मीद है कि केरल सरकार अब दो साल बाद तुर्की के व्यवहार को देखकर अपनी गलत उदारता पर विचार करेगी। खासकर जब वायनाड जैसे जिलों को उस 10 करोड़ की जरूरत थी। गौरतलब है कि जुलाई 2024 में वायनाड में भूस्खलनों से करीब 300 लोगों की मौत हुई थी और तीन गांव लगभग पूरी तरह तबाह हो गए थे। थरूर का इशारा इसी संदर्भ में था।

#### सीपीआई(एम) का पलटवार

राज्यसभा सांसद जॉन ब्रिटास भी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य हैं जो जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, मलेशिया और इंडोनेशिया की यात्रा पर गया है। उन्होंने थरूर के बयानों को केरल विरोधी बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, शशि थरूर के लिए मेरे मन में सम्मान है, लेकिन यह टिप्पणी एकतरफा याददाश्त का लक्षण है। क्या उन्हें नहीं पता कि केंद्र सरकार ने खुद 2023 में ऑपरेशन दोस्त के तहत तुर्की को मदद भेजी थी? आपको बता दें कि ऑपरेशन दोस्त भारत सरकार की वह पहल थी, जिसके तहत भूकंप के बाद तुर्की और सीरिया को राहत सामग्री और एनडीआरएफ की टीमें भेजी गई थीं।

#### केरल सरकार का बचाव

राज्य के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने थरूर की आलोचना को अनुचित बताया। उन्होंने कहा, 2023 में जब तुर्की में भयानक आपदा आई, तब हमने मानवीय दृष्टिकोण अपनाया। यह सहायता विदेश मंत्रालय के माध्यम से दी गई थी। अब दो साल बाद उस मानवीय मदद को 2025 के सीमा संघर्ष से जोड़ना उचित नहीं है। वायनाड में भूस्खलन के बाद केरल सरकार ने केंद्र से ?2,000 करोड़ की विशेष सहायता मांगी थी। लेकिन राज्य सरकार का आरोप है कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने कोई विशेष पैकेज नहीं दिया। इस मुद्दे को लेकर सीपीआई(एम) वायनाड जिले में मार्च निकाल रही है और केंद्र पर उपेक्षा का आरोप लगा रही है।

## अरब सागर में संकट में फंसा लाइबेरियन जहाज



**लाइबेरियन, एजेंसी।** अरब सागर में भारतीय तट रक्षक बल ने एक संकटपूर्ण स्थिति में लाइबेरियन जहाज के 24 क्रू सदस्यों में से 21 को सफलतापूर्वक बचा लिया है। जहाज में तकनीकी खराबी के कारण संकट उत्पन्न हो गया था, जिसके बाद कोस्ट गार्ड ने त्वरित बचाव अभियान शुरू किया। बचाव अभियान अभी भी जारी है और कोस्ट गार्ड अन्य बचाए जाने वाले सदस्यों को खोजने में जुटी हुई है। अरब सागर में एक लाइबेरियन पंजीकृत कार्गो जहाज को अचानक तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ा, जिससे वह अस्थिर हो गया और जहाज पर सवार 24 सदस्य खतरे में पड़ गए। जहाज ने मदद के लिए आपातकालीन कॉल भेजा, जिसे भारतीय तट रक्षक बल ने तुरंत प्राप्त किया।

कोस्ट गार्ड के बचाव दल ने मौके पर पहुँच कर जहाज के करीब पहुँचने वाले सभी नाविकों को हेलीकॉप्टर और नौकाओं की मदद से सुरक्षित निकाल लिया। बचाए गए 21 नाविकों को प्राथमिक चिकित्सा और जरूरत के अनुसार अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। बचाव अभियान में कोस्ट गार्ड की जहाज, हेलीकॉप्टर और तटरक्षक बल की तेज प्रतिक्रिया ने जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।कोस्ट गार्ड के अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान अभी समाप्त नहीं हुआ है और वे बाकी तीन सदस्यों की खोज में लगे हुए हैं। सभी बचाए गए नाविक फिलहाल सुरक्षित हैं और उनकी स्थिति स्थिर बताई गई है।

अधिकारी ने कहा कि अरब सागर में किसी भी संकट की स्थिति में कोस्ट गार्ड तत्परता से प्रतिक्रिया करता है और सभी मुमकिन प्रयास करता है। भारतीय तट रक्षक बल समुद्री सुरक्षा और बचाव कार्यों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह तट पर नौवहन सुरक्षा, समुद्री आपदा प्रबंधन, तथा संकट के समय जल क्षेत्र में बचाव कार्य करता है। अरब सागर में व्यापारिक और मालवाहक जहाजों की संख्या अधिक होने के कारण यहां पर समय-समय पर इस तरह के बचाव अभियानों की आवश्यकता पड़ती है।

## पाकिस्तान पर अब मौसम की मार, पंजाब में भारी बारिश ने मचाई तबाही, 13 की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत से परास्त होने के बाद पाकिस्तान इन दिनों मौसम की मार का भी सामना कर रहा है। पंजाब प्रांत के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश ने तबाही मचा दी है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के अनुसार, कम से कम 13 नागरिकों की मौत हो गई है। जबकि 92 अन्य घायल हो गए हैं। पीडीएमए के महानिदेशक इरफ़ान अली कथिया ने बताया कि तेज हवा और बारिश की चेतावनी के बाद सभी डिप्टी कमिश्नरों और बचाव एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है। स्थिति से निपटने के लिए प्रांतीय नियंत्रण कक्ष और सभी जिला आपातकालीन ऑपरेशन केंद्रों को भी सतर्क कर दिया गया है। इरफान कथिया ने कहा, स्थिति को पीडीएमए कंट्रोल रूम से 24/7 मॉनिटर किया जा रहा है। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि बिजली के खंभों और लटकते तारों से दूर रहें, आंधी-तूफान या बिजली गिरने के समय खुले स्थानों पर न रुकें, जब तक आवश्यक न हो यात्रा से बचें और धीमी गति से वाहन चलाएं साथ ही तूफान और बारिश की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। पीडीएमए ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ जिलों में तेज हवाएं और बिजली गिरने की घटनाएं हुई हैं, जिससे घरों और बिजली संरचनाओं को नुकसान पहुंचा है। बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिए गए हैं।

# कुवैत सरकार ने रातों रात हजारों लोगों की नागरिकता कर दी रद्द

#### इस लिस्ट में ज्यादातर महिलाएं

**कुवैत सिटी, एजेंसी।** कुवैत की सरकार ने रातोंरात हजारों लोगों की नागरिकता रद्द कर दी। इस लिस्ट में ज्यादातर महिलाएं हैं। लोग जब सुबह सोकर उठे तो किसी का बैंक अकाउंट बंद हो गया तो किसी की अन्य सरकारी सुविधाएं ठप हो गईं। जब पता किया तो पता चला कि उनकी नागरिकता ही खत्म हो गई है। मई 2024 में ही अमीर ने लोकतंत्र को खतरा बताया था और संविधान में संशोधन करने की घोषणा कर दी थी। सरकार उन लोगों की नागरिकता ज्यादा रद्द कर रही है जिन्हें शादी के बाद यहां की नागरिकता मिली थी। इस लिस्ट में वे महिलाएं ज्यादा शामिल हैं जिन्होंने कुवैत के पुरुषों से शादी कर नागरिकता हासिल की थी।

लामा जब कुवैत सिटी में क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करने लगीं तो पता चला कि उनका अकाउंट फ्रीज कर दिया गया है। बाद में पता चला कि उनकी नागरिकता ही छिन गई है। लामा मूल रूप से जॉर्डन की रहने वाली हैं। बता दें कि अमीर शेख मेशाल अल अहमद अल सबाह दिसंबर 2023 में कुवैत के अमीर बने थे। इसके बाद उन्होंने संसद को भंग कर दिया और संविधान के कुछ हिस्सों को भी सस्पेंड कर दिया। अब अमीर का कहना है कि उन लोगों को ही कुवैत का नागरिक माना जाएगा जिनका यहां के लोगों के साथ ब्लड रिलेशन है। अमीर ने एक स्पीच में कहा था कि कुवैत में रनहे वाले करीब 50 लाख लोगों में केवल एक तिहाई ही असली कुवैती हैं। अमीर ने कहा कि अब कुवैत में केवल ओरिजिनल लोग ही रहेंगे। लामा उन 37 हजार लोगों में शामिल हैं जिनकी अगस्त के बाद से नागरिकता जा चुकी है। इनमें 26 हजार महिलाएं ही हैं। यह कुवैत की सरकार का डेटा है। मीडिया का कहना है कि असली नंबर और भी ज्यादा हो सकते हैं।

कुवैत में पहले से भी ऐसे तमाम लोग रह रहे हैं जिनके पास वहां की नागरिकता नहीं है। 1961 में ब्रिटिश सुरक्षा से अजाद होने के बाद करीब 1 लाख लोगों को नागरिकता नहीं



मिल पाई थी। वहीं जिन लोगों के पास कुवैत की नागरिकता नहीं होगी उनको बैंकिंग, शिक्षा, सरकारी नौकरी और अन्य सुविधाएं भी नहीं मिल पाएंगी।

कुवैत में 1987 के बाद से जिन लोगों को शादी के आधार पर नागरिकता मिली है, सरकार उनपर कार्रवाई कर रही है। आंकड़े कहते हैं कि 1992 से 2020 तक 38,505 महिलाओं शादी के आधार पर नागरिकता दी गई थी। इसके अलावा दोहरी नागरिकता वाले लोगों की भी नागरिकता छीनी जा रही है। इसके अलावा जिनको उपलब्धियों के आधार पर नागरिकता दी गई थी, उनकी भी नागरिकता रद्द की जा रही है। इस लिस्ट में पॉप सिंगर नवल और ऐक्टर दाऊद हुसैन भी शामिल हैं।

# विराट कोहली अनुष्का संग अचानक पहुंचे अयोध्या, किए रामलला के दर्शन

## क्रिकेट के बाद अब आस्था का सफर

**अयोध्या (एजेंसी)।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपनी पत्नी और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ रविवार सुबह अचानक अयोध्या पहुंचे। यह पहला मौका था जब दोनों ने एक साथ राम नगरी का दौरा किया। सुबह करीब 7 बजे विराट और अनुष्का रामलला मंदिर पहुंचे और दर्शन किए। उन्होंने करीब आधे घंटे तक मंदिर परिसर में रहकर राम दरबार का भ्रमण किया। इस दौरान पुजारियों ने उन्हें राम मंदिर की मूर्तियों, नक्काशी और निर्माण से जुड़ी जानकारी दी।





### हनुमानगढ़ी में सवा किलो लड्डू चढ़ाया, मिलीं मालाएं और आशीर्वाद

रामलला के दर्शन के बाद दोनों सुबह 8 बजे हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने हनुमान जी को प्रणाम किया। विराट कोहली ने सवा किलो लड्डू और फूलों की माला चढ़ाई। इसके बाद कुछ देर तक आंखें बंद कर हाथ जोड़कर खड़े रहे। मंदिर के पुजारी ने विराट को सफेद और लाल रंग की माला पहनाई, सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। अनुष्का को भी पीले रंग की मालाएं पहनाई गई और आशीर्वाद मिला। वहां मौजूद महंत ने दोनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### मीडिया से दूरी बनाकर रखी

इस पूरी यात्रा के दौरान विराट और अनुष्का ने मीडिया से दूरी बनाए रखी और पूरी तरह से दर्शन-पूजन में लीन रहे। दर्शन के बाद दोनों लखनऊ के लिए रवाना हो गए। 12 मई को विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट में लिखा था कि टेस्ट क्रिकेट ने मुझे पहचान दी, मेरी परीक्षा ली और जीवन के बड़े सबक सिखाए। उन्होंने कहा कि यह फैसला लेना आसान नहीं था लेकिन यही सही समय था।

### संन्यास के बाद पहुंचे थे वृंदावन

टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के अगले दिन, 13 मई को विराट और अनुष्का वृंदावन पहुंचे थे। वहां उन्होंने प्रेमानंद महाराज से आशीर्वाद लिया था। महाराज ने उनसे पूछा - प्रसन्न हो? इस पर विराट ने मुस्कुराकर कहा - हां।

### आईपीएल में अगला मुकाबला 27 मई को लखनऊ में

23 मई को विराट ने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आईपीएल मैच खेला था। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में विराट ने 25 गेंदों पर 43 रन बनाए, लेकिन उनकी टीम आरसीबी को 42 रन से हार का सामना करना पड़ा। अब आरसीबी का अगला मुकाबला 27 मई को फिर लखनऊ में होना है।



## कुश मैनी ने रचा इतिहास, फॉर्मूला 2 रेस जीतने वाले पहले भारतीय बने

**मोंटे कार्लो (एजेंसी)।** कुश मैनी ने सर्किट डी मोनाको में पोल पोजीशन हासिल करते हुए डैम्स लुकास ऑयल के लिए मोंटे कार्लो स्प्रिंट रेस में जीतकर इतिहास रच दिया। ?भारतीय ड्राइवर ने अल्पाइन अकादमी के प्रतिभाशाली साथी गैब्रिएल मिनी को पीछे छोड़ा, जो प्रेमा रेसिंग के लिए दूसरे स्थान पर रहे और इस प्रतिष्ठित स्थल पर रेस जीतने वाले पहले भारतीय ड्राइवर बने। पी1 और मोनाको में जीतने वाले पहले भारतीय बनने पर मैनी ने, यह बहुत बड़ा सम्मान और सपना सच होने जैसा है। मैं डैम्स और मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद कहना चाहता हूं। हम विश्वास करते रहेंगेमैनी ने सही शुरुआत की, लेकिन ल्यूक ब्राउनिंग टर्न 1 तक पहले स्थान से पांचवें स्थान पर गिर पड़े। उनके खराब गेटवेट के कारण गैब्रिएल मिनी उपर क्क2 स्थान पर आ गए। मिराब्यू में, लिंडब्लैड ने तीसरे स्थान के लिए जैक क्रॉफोर्ड को पास देने का प्रयास किया, लेकिन दोनों के बीच संपर्क ने ब्राउनिंग को चौथे स्थान पर वापस जाने और अमेरिकी से आगे निकलने की अनुमति दी। कैम्पोस ड्राइवर तीसरे स्थान पर उलझन से बाहर आया, लेकिन टक्कर के कारण उसे 10 सेकंड की समय पनेल्टी दी गई।डीआरएस के कारण, मिनी रेस लीडर के पीछे थी, शुरुआती 10 लैप में अंतर 0.3 सेकंड का था, जबकि यह जोड़ी तीसरे स्थान पर मौजूद लिंडब्लैड से 8 सेकंड आगे थी। लैप 12 पर अंतर को बेअसर कर दिया गया जब जोशुआ डुएरकेन की एआईएक्स रेसिंग कार को ठीक करने के लिए सेफ्टी कार को तैनात किया गया। पराग्वे के ड्राइवर को मिराब्यू से बाहर एमपी मोटरस्पोर्ट के ओलिवर गोएथे के संपर्क के बाद पोर्टियर से आगे की बाधाओं में छोड़ दिया गया था, जिससे एआईएक्स को रेस-एंडिंग क्षति हुई थी। लैप 15 में प्रवेश करते हुए रेसिंग की स्थिति में वापस मैनी मिनी के पीछे भागे, जबकि लिंडब्लैड ने सड़क पर तीसरे स्थान की लड़ाई में ब्राउनिंग को अपनी नजर पर रखा था। गोएथे फिर से आगे बढ़ रहे थे, अपनी एमपी कार को ला रास्कैस में विक्टर मार्टिंस के अंदर से चुपके से सड़क पर पी9 लेने के लिए ले गए। दोनों के बीच संपर्क के कारण गोएथे को 10 सेकंड की समय पनेल्टी मिली।



## इंग्लैंड ने जिम्बाब्वे को 4 दिवसीय टेस्ट में पारी और 45 रनों से हराया

नॉटिंघम(एजेंसी)। इंग्लैंड ने ट्रेंट ब्रिज में खेले गए एकमात्र चार दिवसीय टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे को पारी और 45 रनों से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला 22 साल बाद दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट था, जो तीन दिन में ही समाप्त हो गया। इंग्लैंड की इस जीत में युवा स्पिनर शोएब बशीर की शानदार गेंदबाजी (9 विकेट) और बल्लेबाजों की तूफानी पारी ने अहम भूमिका निभाई।

पहले दिन इंग्लैंड ने टॉस हारकर बल्लेबाजी शुरू की और जैक क्रॉली (124), बेन डकेट (140) और ओली पोप (171) के शतकों की बदौलत 565/6 पर पारी घोषित की। जिम्बाब्वे की गेंदबाजी कमजोर साबित हुई। ब्लेसिंग मुजराबानी ने 19 ओवर डाले। दूसरे दिन, जिम्बाब्वे ने जवाब में 265 रन बनाए, जिसमें सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने 97 गेंदों में 139 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली, जो जिम्बाब्वे का सबसे तेज टेस्ट शतक है। बेनेट की पारी में 26 चौके शामिल थे, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का साथ न मिलने से टीम 300 रन पीछे रह गई।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने फॉलो-ऑन लागू किया और जिम्बाब्वे की दूसरी पारी में बशीर ने 6/81 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े दर्ज किए। जिम्बाब्वे 255 रनों पर सिमट गई, जिसमें सीन विलियम्स (50) और सिकंदर रजा (44) ने संघर्ष किया। बेनेट दूसरी पारी में केवल 1 रन बना सके। बशीर ने मैच में कुल नौ विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## भारत के बाद आईपीएल में खेलना सबसे अच्छी चीज है : महेंद्र सिंह धोनी



**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलना उनके लिए सबसे अच्छी चीज है। धोनी 2008 में टूर्नामेंट की शुरुआत से ही ष्टस्च्च का हिस्सा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पूरे सीजन में बड़ी संख्या में प्रशंसकों का आनंद लिया है। अपने करियर के अंतिम चरण में धोनी को प्रशंसकों और कई लोगों द्वारा खेल के जीवित किंवदंती के रूप में सराहा जाता है और उनके समर्थक उन्हें और फ्रैंचाइजी को अपना समर्थन देने के लिए पीली जर्सी में बड़ी संख्या में आते हैं। धोनी ने कहा, यह बहुत अच्छा अहसास है और मैंने हमेशा कहा है कि प्रशंसकों की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद है। मेरा यही मानना ??है, जैसे कि पिछले कुछ सालों में मैं खेल रहा हूं, आप जानते हैं, यह एक तरह से वे कह रहे हैं कि आपने जो कुछ भी किया है, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह आश्चर्यजनक है, खासकर जब आप कोई खेल खेलते हैं, तो आप प्रशंसकों की सराहना चाहते हैं। जब क्रिकेट की बात आती है, तो भारत खेलने के लिए सबसे अच्छी जगह है। उन्होंने कहा, भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा होना सबसे बड़ी चीजों में से एक है। मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल रहा हूं। इसलिए आईपीएल अगली सबसे अच्छी चीज है जो हो सकती है। इसलिए रोंगटे नहीं खड़े होते, लेकिन यह एक तरह की भावना है, आप जानते हैं, जब भी आप अंदर जाते हैं, तो हर कोई बहुत उत्साहित होता है। वे आपका इंतजार कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि आप अच्छा प्रदर्शन करें। यहां तक ??कि जब आप उस टीम के खिलाफ खेल रहे होते हैं जिसे वे जीतना चाहते हैं, तब भी वे चाहते हैं कि आप अच्छा प्रदर्शन करें, थोड़ा योगदान दें, चाहे वह कुछ भी हो। तो हां, यह एक अद्भुत एहसास है। लगातार दूसरे साल प्लेऑफ में जगह बनाने से चूकने के बाद सीएसके अब तक सीजन में तीन जीत के साथ तालिका में सबसे नीचे है।

## जोकोविच ने करियर का 100वां खिताब जीता

### जिनेवा ओपन जीतकर फेडरर और कोनर्स की बराबरी की; फाइनल में हुरकाज को हराया



**जिनेवा (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच ने ओपन एरा में 100वां खिताब जीतकर रोजर फेडरर और जिमी कोनर्स की बराबरी कर ली है। रोजर फेडरर 103 खिताब के साथ दूसरे और जिमी कोनर्स 109 खिताब के साथ सबसे ज्यादा एटीपी खिताब जीतने वालों में टॉप पर हैं।

जोकोविच ने जिनेवा ओपन के फाइनल में टूर्नामेंट के छठे सीड ह्यूबर्ट हुरकाज को 5-7, 7-6, 7-6 से हराया। शुरुआत में जोकोविच एक सेट से पिछड़ गए और उसके बाद उन्होंने वापसी की और अंत में खिताब अपने नाम किया।

टेनिस में 1968 में ओपन एरा की शुरुआत हुई जब सभी खिलाड़ियों (एमेच्योर और प्रोफेशनल) को चारों ग्रैंड स्लैम में हिस्सा लेने की अनुमति दी गई। इसे ओपन एरा कहा जाता है।

### 20 अलग-अलग सीजन में ट्रॉफी जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने

जोकोविच ने इस खिताब के साथ 20 अलग-अलग सीजन में ट्रॉफी जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं इसमें ओलिंपिक गोल्ड मेडल भी शामिल है।

जोकोविच ने जिनेवा ओपन के फाइनल में ह्यूबर्ट हुरकाज को 5-7, 7-6, 7-6 से हराया।

### आखिरी खिताब 2024 ओलिंपिक में जीता था

इससे पहले जोकोविच ने अपना आखिरी खिताब 2024 में पेरिस ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं पिछले साल शंघाई के फाइनल में उन्हें जैनिक सिनर ने हराया और मार्च में मियामी के फाइनल में जाकुब मेनसिक ने उन्हें मात दी थी।

जोकोविच ने हाल ही में मैड्रिड ओपन से बाहर होने के बाद उन्होंने कोच एंडी मरे से नाता तोड़ लिया था। उन्हें मैड्रिड ओपन में पहले दौर में ही इटली के माटेओ अर्नाल्डी से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा था कि वह कुछ और टूर्नामेंट के बाद अपने कोचिंग सेटअप के बारे में फैसला करेंगे।

फ्रेंच ओपन में 24वां ग्रैंड स्लैम जीतने के लिए उतरेंगे

जोकोविच 25 मई से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन में अपना 24वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लिए उतरेंगे। उन्होंने अब तक तीन फ्रेंच ओपन खिताब जीता है। फ्रेंच ओपन में चौथा खिताब जीतने के लिए उन्हें वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर की चुनौती से पार करना पड़ेगा। सिनर उनके ही ग्रुप में हैं।

## शुभमन गिल के टेस्ट कप्तान बनने पर जलालाबाद में जश्न

**फाजिल्का (एजेंसी)।** शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान चुने जाने के बाद पंजाब के फाजिल्का के जलालाबाद में उसके पैतृक गांव में खुशी को लहर दौड़ गई है । स्थानीय लोग बहुत खुश है । लोगों का कहना है कि शुभमन ने उनके गांव का नाम जलालाबाद ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में रोशन किया है।

शुभमन गिल के चाचा गुरतेज सिंह ने कहा कि आज उन्हें बहुत खुशी है कि उनका लड़का पूरी दुनिया में उनका नाम रोशन कर रहा है । उन्होंने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि एक दिन उनका बच्चा कप्तानी की कुर्सी पर पहुंचेगा , लेकिन उन्होंने यह नहीं सोचा था कि इतनी जल्दी कामयाबी मिलेगी । आज उसे टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया, जिससे वह बहुत खुश हैं ।

उन्होंने बताया कि वह खुद विभिन्न स्टेडियम में पहुंचकर शुभमन का मैच देख चुके हैं, जिसमें उसकी परफॉर्मेंस बहुत शानदार रही है । उधर ग्रामीण सुखमंदर सिंह, गुरनाम सिंह, जसविंदर सिंह ने बताया कि उनके गांव के बच्चे ने आज उनके गांव का नाम सिर्फ जलालाबाद या पंजाब में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में रोशन कर दिया है।यही वजह है कि गांव के बाकी युवा शुभमन को देखकर उससे प्रेरणा ले रहे हैं और नशों से दूर रहते हुए खेलों की ओर प्रेरित हो रहे हैं । आज के समय में उनके काफी युवा क्रिकेट से लगाव रख रहे हैं ।

## प्लेऑफ से पहले आरसीबी के लिए खुशखबरी, वापस लौटे जोश हेजलवुड



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सबसे सफल गेंदबाज जॉश हेजलवुड कंधे की चोट से उबरने के बाद यहां लौट आए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जॉश हेजलवुड के वापसी की जानकारी देते हुए कहा कि उसके तेज गेंदबाज हेजलवुड प्लेऑफ में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया से भारत वापस लौट आए है। हेजलवुड इस सत्र में आरसीबी के सबसे अच्छे गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 17.27 की औसत और 8.44 की इकॉनमी से 18 विकेट लिये है और आईपीएल 2025 में चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। आरसीबी प्लेऑफ में पहुंच चुकी है, लेकिन शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद से साथ उच्च स्कोर वाले मुकाबले में हार के बाद उसके आईपीएल की अंक तालिका में शीर्ष दो में रहने की उम्मीद को झटका लगा था।

## आज प्लेऑफ से शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए पंजाब किंग्स से मुंबई इंडियंस का सामना

**जयपुर (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने अंतिम लीग चरण के मुकाबले में जब एक-दूसरे का सामना करेंगे तो शीर्ष दो में जगह बनाने की कोशिश में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरा जोर लगाएंगे। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स ने लीग के चरण के कई मैच बाकी रहते ही आईपीएल प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। इन टीम के बीच शीर्ष दो में जगह बनाने की होड़ है ताकि फाइनल में पहुंचने के लिए टीम को एक अतिरिक्त मौका मिल सके।

पंजाब किंग्स 17 अंकों के साथ तालिका में अभी दूसरे स्थान पर है लेकिन मुंबई से हारने पर वह तीसरे या चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी जिससे टीम को 30 मई को एलिमिनेटर के लिए तैयार होना पड़ेगा। पंजाब के लिए शीर्ष दो में रहना मुश्किल है क्योंकि उन्हें मुंबई की मजबूत टीम के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद यह भी उम्मीद करनी होगी कि गुजरात (18 अंक) और आरसीबी (17 अंक) अपने-अपने अंतिम मैच हार जाएं।



पंजाब किंग्स को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद अब शीर्ष दो में आने के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट प्लेऑफ में क्वालीफाई करने वाली टीमों में सबसे बेहतर है। टीम अगर पंजाब किंग्स को हराने में सफल रही तो यह उसके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति में गुजरात टाइटंस और आरसीबी अपने अपने-अपने आखिरी मैचों को हारते है तो मुंबई की टीम शीर्ष दो में होगी।

पंजाब किंग्स शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का बचाव करने में असफल रहने के बाद अपनी गेंदबाजी में खामियों को सुधारने की कोशिश करेंगे। सवाई मान सिंह स्टेडियम की छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियां इस मैच को बड़े स्कोर वाला मुकाबला बनाने का संकेत देते हैं। इसमें दोनों टीमों की गेंदबाजी योजनाओं की परीक्षा होगी।

इस मामले में हालांकि जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी दिख रहा है। बुमराह ने इस आईपीएल के इस सत्र में सिर्फ नौ मैचों में 16 विकेट लिए हैं। उन्होंने चोट के कारण तीन महीने तक खेल से दूर रहने के बाद फॉर्म और फिटनेस में वापसी का संकेत दे दिया है। मुंबई इंडियंस के अन्य गेंदबाजों ने भी इस विभाग में बराबरी से जिम्मेदारी साझा की है। ट्रेंट बोल्ट (जो 19 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर हैं) और दीपक चाहर (11 विकेट) की नये गेंदबाजों की जोड़ी ने शुरुआती ओवरों में विकेट चटकाकर बुमराह काम थोड़ा आसान कर दिया है।

# रश्मिका को अच्छी लगती है बारिश की भीनी खुशबू, लेकिन एक चीज नहीं पसंद!




**बारिश** की पहली बूंदों की भीनी-भीनी सी खुशबू हर किसी को बहुत भाती है। मशहूर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को भी पहली बारिश की खुशबू बहुत पसंद है। लेकिन उन्होंने बारिश से होने वाली असुविधा को निराशाजनक बताया। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें पहली बारिश की खुशबू बहुत पसंद है, लेकिन उन्हें यह अच्छा नहीं लगता कि बारिश की वजह से सब कुछ धीमा हो जाता है। रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर बारिश का एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो पर एक लाइन लिखी है, जब बारिश होती है तो मिट्टी की खुशबू आती है। इस वीडियो को शेयर करते हुए रश्मिका ने लिखा, तो बारिश आ गई है... मुझे यह अच्छा नहीं लगता कि बारिश की वजह से सब कुछ थोड़ा धीमा हो जाता है, लेकिन कसम से! पहली बारिश की खुशबू सबसे अच्छी होती है और वह एहसास भी कमाल का होता है। यह सबसे प्यारा लगता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका की झोली में कई फिल्में हैं, जिसमें आदित्य सरपोतदार की थामा, जिसमें आयुष्मान खुराना लीड रोल में हैं, साथ ही कुबेरा, पुष्पा 3, द गर्लफ्रेंड और रेनबो भी शामिल हैं। 20 मई को, रश्मिका ने जी सिने अवॉर्ड्स 2025 के रेड कार्पेट पर वॉक किया था। लुक की बात करें तो इस दौरान वह ब्लैक कलर की खूबसूरत मॉडर्न साड़ी में नजर आईं। इसके साथ उन्होंने डीप स्वीटहार्ट नेकलाइन वाला डिजाइनर ब्लाउज पहना हुआ था। इसके अलावा, गोल्डन हार्ट शेप की बालियां फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच रही थीं। शानदार लुक पाने के लिए उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा हुआ था। अपने इस लुक की तस्वीरें रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, काफी समय बाद मैं फिर से रेड कार्पेट पर गई... आप सबका इतना प्यार मिल रहा है, जिससे मेरा दिल बहुत खुश है। बस आपको दिखाना चाहती थी कि उस दिन मैंने क्या पहना था...



# आर. माधवन के नाम पर ऑनलाइन लूट रही थी महिला, एक्टर ने खोलकर रख दी पोल

ऑनलाइन दुनिया में ठगी के धंधे भी बहुत हैं। कई बार ठग सितारों का नाम लेकर ठगी करते हैं। ऐसा ही कुछ एक महिला आर. माधवन के नाम पर करने की फिराक में थी। मगर, एक्टर ने समय रहते महिला ठग की पोल खोल दी। बड़े प्रोडक्शन हाउस और सुपरस्टार्स के नाम पर अक्सर मासूमों को ठगा जाता है। खासकर, वे लोग जो सिनेमा की दुनिया में करियर बनाने मायानगरी आते हैं। खुद को बड़े सितारों का मैनेजर बताकर न जाने ठग कितने ही मासूमों को अपने झांसे में फंसाते हैं। ऑनलाइन दुनिया में ऐसा ही एक महिला ठग अभिनेता आर. माधवन के नाम पर कर रही थी। मगर, एक्टर ने सूझबूझ दिखाई। पता चलते ही महिला की पोलपट्टी खोल दी। अभिनेता आर. माधवन ने आज शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया है। यह श्रुति नैना नाम की एक प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट है। इसके बायो में लिखा है, आर. माधवन की ऑफिशियल मैनेजर। एक्टर ने स्क्रीनशॉट में यह हिस्सा गोला लगाकर शेयर किया है। साथ ही लिखा है, फ्रॉड अलर्ट। श्रुति नैना नाम की जिस प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट शेयर किया गया है, इसके करीब सवा तीन सौ फॉलोअर्स हैं। एक्टर ने समय रहते महिला की असलियत लोगों के सामने खोलकर रख दी। साथ ही उन्हें एलर्ट भी कर दिया कि वे इस तरह के फ्रॉड से सावधान रहें।



# विक्रांत मैसी ने श्री श्री रविशंकर प्रसाद पर आधारित महावीर जैन और मार्फ़िलक्स पिक्चर्स की अंतर्राष्ट्रीय थ्रिलर फिल्म व्हाइट की तैयारी शुरू की

**प्रभावशाली** सिनेमा के पीछे दूरदर्शी निर्माता महावीर जैन और वैश्विक अपील वाली अत्याधुनिक फिल्में देने के लिए मशहूर सिद्धार्थ आनंद की मार्फ़िलक्स पिक्चर्स, फिल्म व्हाइट बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं, एक अंतरराष्ट्रीय थ्रिलर जो विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर प्रसाद के जीवन और शिक्षाओं पर गहराई से प्रकाश डालती है। विक्रांत मैसी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म व्हाइट में मनोरंजक कहानी और गहन आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि का मिश्रण होने का वादा किया गया है, जो सामाजिक रूप से जागरूक और वैश्विक रूप से प्रासंगिक फिल्म निर्माण में एक साहसिक अध्याय की नई शुरूआत करेगी। फिल्म की टीम ने अब इसकी गहन तैयारी शुरू कर दी है, जो एक प्रामाणिक और इमर्सिव सिनेमाई यात्रा की नींव रखेगी। इस तैयारी के हिस्से के रूप में, महावीर जैन ने व्यक्तिगत रूप से बेंगलुरु में आर्ट ऑफ़ लिविंग आश्रम की एक महत्वपूर्ण दौरा किया। प्रशंसित अभिनेता विक्रांत मैसी, जो श्री श्री रविशंकर की भूमिका निभा रहे हैं. उन्होंने प्रतिष्ठित हैप्पीनेस प्रोग्राम में भाग लिया, जो श्री श्री रविशंकर प्रसाद द्वारा स्वयं स्थापित एक सिग्नेचर ब्रीदवर्क और मेडिटेशन कोर्स है। आश्रम से साझा की गई एक तस्वीर इस शांतिपूर्ण क्षण को खूबसूरती से दर्शाती है, जिसमें पूरी टीम सफेद वस्त्रों में आध्यात्मिकता की भावना को समर्पित नज़र आती है। कैप्शन में लिखा है, ÷हृदय कृतज्ञता से भरा हुआ इस ज्ञान के लिए आभारी गुरुदेव श्री श्री रविशंकर प्रसाद।÷ परियोजना के मूल में गहरी श्रद्धा और कृतज्ञता को दर्शाता है।



# माइंडसेट को बनाओ मजबूत, नतीजे होंगे शानदार: रकुल

**मशहूर एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह न सिर्फ अपनी फिल्मों और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं, बल्कि अपनी पॉजिटिव सोच और लाइफस्टाइल के लिए भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक किताब का पन्ना शेयर किया, जिसमें जिंदगी से जुड़ी गहरी बात छिपी हुई थी। दरअसल, इस पन्ने पर लिखा था– आपके सोचने का तरीका, हमारी जिंदगी की बुनियाद होता है।**

इस पोस्ट को शेयर करते हुए रकुल प्रीत सिंह ने कैप्शन में लिखा, माइंडसेट पर काबू रखें, तो नतीजों पर भी काबू होगा। यानी अगर आप अपने सोचने के तरीके पर काबू पा लेते हैं, तो आप अपने नतीजों पर भी काबू पा सकते हैं। रकुल का यह पोस्ट इस बात का सबूत है कि वह अपने फैंस का सिर्फ मनोरंजन ही नहीं करती, बल्कि जिंदगी से जुड़ी प्रेरणाएं भी उन्हें देती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने पिता के साथ एक पोस्ट शेयर किया था। इस पोस्ट में उन्होंने एक पुरानी तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपने पिता के साथ स्कूटर पर बैठी हुई दिखाई दीं। यह तस्वीर उनके बचपन की थी। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, सेना दिवस भले ही पूरी दुनिया में मनाया जाता हो, लेकिन मेरा दिल एक वर्दी के लिए धड़कता है, मेरे पापा की वर्दी के लिए। एक आर्मी ऑफिसर के बच्चे के रूप में मैंने बचपन से ही त्याग, सम्मान और हिम्मत का मतलब समझा। आज मैं सिर्फ अपने पापा को नहीं, बल्कि उन सभी सैनिकों को सलाम करती हूं, भारत और दुनिया भर के, जो खुद से पहले देश की सेवा को चुनते हैं। खासकर हाल के समय में भारतीय सेना की बहादुरी हमें याद दिलाती है कि शांति मुफ्त में नहीं मिलती, उसे सैनिकों की कुर्बानी से सुरक्षित रखा जाता है। मैं दिल से शुक्रगुजार हूं।

इन अभिनेत्रियों ने छोटे पर्दे से की शुरूआत

# अब फिल्मों में खूब कमाया नाम

बॉलीवुड में पहुंचने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। इसके बाद उन्हें अच्छी फिल्में मिलती हैं और उनका नाम होता है। बॉलीवुड की कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने छोटे पर्दे यानी टीवी से अपने करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह बड़े पर्दे यानी बॉलीवुड तक पहुंचीं। आज दुनिया में उनका नाम है। आज इस खबर में हम उन अभिनेत्रियों के बारे में जानेंगे जिन्होंने छोटे पर्दे से बड़े पर्दे तक का सफर तय किया।

## विद्या बालन



विद्या बालन बॉलीवुड में अलग अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने साल 1995 में हम पांच टीवी शो से अदाकारी में कदम रखा। इसके बाद वह बंगाली फिल्म में नजर आईं। उन्होंने बॉलीवुड में अपने अभिनय की शुरूआत साल 2005 में फिल्म परिणीता से की।

## मौनी रॉय



मौनी रॉय आज बॉलीवुड की बड़ी एक्ट्रेस हैं। एक वक्त था जब वह छोटे पर्दे पर अदाकारी करती थीं। उन्होंने सबसे पहले साल 2006 में क्योंकि सास भी कभी बहू थी से अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने बतौर एक्ट्रेस साल 2018 में फिल्म गोल्ड से अदाकारी शुरू की।

## यामी गौतम



यामी गौतम अपनी सबसे पहली फिल्म विक्की डोनर (2012) से बहुत मशहूर हुई। इसके बाद उन्हें कई फिल्में मिलीं। लेकिन उन्होंने अपने इभिनय की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी। उन्होंने सबसे पहले टीवी सीरियल 'चांद के पार चलो' से अदाकारी की शुरूआत की थी।

## मृणाल ठाकुर



मृणाल ठाकुर बॉलीवुड इंडस्ट्री का जाना पहचाना चेहरा हैं। उन्होंने अपना एक्टिंग करियर कुमकुम भाग्य टीवी शो से शुरू किया था। उन्होंने बॉलीवुड में लव सोनिया से कदम रखा। उन्होंने ऋतिक रोशन और जॉन अब्राहम के साथ काम किया।

## प्राची देसाई

प्राची देसाई भी फिल्मों में जलवा दिखाने से पहले टीवी सीरियल में दमदार अदाकारी कर चुकी हैं। उन्होंने सबसे पहले कसम से सीरियल में अदाकारी की। उन्होंने रॉक आन से बॉलीवुड में कदम रखा। वह इमरान हाशमी के साथ फिल्म अजहर में भी नजर आ चुकी हैं।



# बढ़े हुए वजन को लेकर ट्रोल हुई ऐश्वर्या राय, ट्रोल्स को फिर दिया करारा जवाब

बॉलीवुड की ग्लोबल आइकन और पूर्व मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय बच्चन एक बार फिर कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में अपने अनोखे और रॉयल अंदाज से चर्चा में आ गई हैं। इस बार ऐश्वर्या ने फेस्टिवल के पहले दिन एक पारंपरिक बनारसी साड़ी पहनकर सबका ध्यान खींच लिया। माथे पर सिंदूर, गले में चोकर और कंधों पर लहराता लंबा दुपट्टा–ऐश्वर्या का यह लुक भारतीय परंपरा और आधुनिकता का सुंदर मेल था।



### सिंदूर से जुड़ा गहरा संदेश?

ऐश्वर्या के लुक की सबसे खास बात थी उनकी मांग में भरा सिंदूर, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर कई चर्चाएं शुरू हो गईं। कई यूजर्स ने इसे हाल ही में वायरल हुए ऑपरेशन सिंदूर अभियान से जोड़ते हुए कहा कि यह ऐश्वर्या का एक साइलेंट स्टैंड हो सकता है–भारतीय संस्कृति के उस पक्ष के समर्थन में, जिसमें सिंदूर को एक विशेष पहचान दी जाती है। उनके इस देसी लुक की तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

# टीवी पर जल्द शुरू हो रहा सुपर डांसर सीजन 5

**टीवी** का पसंदीदा डांस रियलिटी शो सुपर डांसर अपने पांचवें सीजन के साथ लौट रहा है। यह शो बच्चों की डांस प्रतिभा को मंच देता है। अब जब सीजन 5 की तैयारी शुरू हो गई है, तो दर्शकों के बीच उत्सुकता देखने को मिल रही है। इस नए सीजन में 12 बच्चे बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेंगे। इस शो की जज एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, कोरियोग्राफर गीता कपूर और उनके साथ कोरियोग्राफर मर्जी पेस्टनजी होंगे। बता दें कि शिल्पा और गीता पहले भी शो की जज रह चुकी हैं। वहीं, मर्जी इस शो में पहले कई बार गेस्ट के तौर पर शामिल हो चुके हैं, लेकिन इस बार वह शो के नए जज बनकर आएंगे। शो के होस्ट परितोष त्रिपाठी होंगे। शो के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए शिल्पा शेट्टी ने कहा, एक मां का सबसे बड़ा सपना होता है कि उसका बच्चा दुनिया में नाम कमाए। मैं खुद एक मां हूं, इसलिए जानती हूं कि मां का अपने बच्चे के लिए कितना प्यार और सपोर्ट होता है। जज के तौर पर मैं ऐसे परफॉर्मेंस देखना पसंद करती हूं जो सीधा दिल को छू जाए। जज गीता कपूर ने कहा, इस नए सीजन में खास बात ये है कि मां और बच्चे के रिश्ते को बहुत खूबसूरती से दिखाया जाएगा। हर कंटेस्टेंट अपने डांस में नए-नए आइडियाज लेकर आएंगे। वह बिना डर के एक्सपेरिमेंट करेंगे और पूरी मेहनत से बेहतरीन परफॉर्मेंस देंगे। मैं इन सभी कंटेस्टेंट्स को पहले से ही दिल से शुभकामनाएं देती हूं। कोरियोग्राफर मर्जी ने कहा, मैं पहले भी सुपर डांसर शो में गेस्ट बनकर आया हूं। जब भी मैं यहां आया हूं, हर बार बच्चों की काबिलियत, एनर्जी और जोश देखकर हैरान रह जाता हूं। कंटेस्टेंट्स के डांस देखकर मुझे वाकई बेहद खुशी होती है। पहली बार जज बनकर इस शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास और भावुक करने वाला अनुभव है। सुपर डांसर- सीजन 5 जल्दी ही सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर शुरू होने वाला है। लेकिन अभी तक शो की रिलीज डेट सामने नहीं आई है।



स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I.No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।